26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 15 अप्रैल, 2026
अंक- 170 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# बिहार में अब 'सम्राट'

## सम्राट चौधरी बिहार के 24वें मुख्यमंत्री बने

**पटना (एजेंसी/चिंगारी)।** सम्राट चौधरी ने बिहार के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले ली है और इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपनी उस महत्वाकांक्षा को हासिल कर लिया है, जिसका पीछा वह लंबे समय से कर रही थी। भाजपा ने 2023 में सम्राट चौधरी को पार्टी का बिहार प्रदेश अध्यक्ष बना कर जो राजनीतिक निवेश किया था, तीन साल बाद उसकी ब्याज के साथ वसूली हो गयी है। 46 साल पुरानी इस पार्टी को लंबे जद्दोजहद के बाद बिहार में उसका पहला मुख्यमंत्री मिल गया है। बिहार में नीतीश कुमार जब 26 साल पहले महज सात दिनों के लिए मुख्यमंत्री बने थे, तब सम्राट चौधरी विरोधी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के टिकट पर परबत्ता विधानसभा क्षेत्र से चुन कर आये थे।



इस चुनाव में श्री चौधरी के पिता और नीतीश कुमार की पुरानी समता पार्टी के संस्थापक सदस्यों में एक शकुनी चौधरी भी विरोधी खेमे में थे। सन 2000 के चुनाव में नीतीश की पार्टी को सिर्फ 34 सीटें मिली थी, जबकि भाजपा ने 67 सीटें जीती थीं।

बावजूद इसके प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपनी ही कैबिनेट में शामिल गठबंधन के एक घटक दल के नेता नीतीश कुमार को प्रदेश की राजनीति में मुख्यमंत्री के दावेदार के रूप में उतार दिया था।

### जेडीयू से विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली

वाजपेयी की यह उदारता गठबंधन के सहयोगी दलों के प्रति उनकी उदारता के रूप में देखी गयी। इस प्रयोग में नीतीश भले सात दिन मुख्यमंत्री रहे, लेकिन बिहारवासियों को भविष्य के लिए मुख्यमंत्री का एक नया चेहरा मिल गया। बाद में नवंबर 2005 में नीतीश मुख्यमंत्री बने और 16 जून 2013 तक भाजपा के सहयोग से इस पद पर बने रहे। यह वही दौर था जब सम्राट चौधरी राजनीति के विद्यार्थी के रूप में विकसित हो रहे थे। सन 2000 में परबत्ता विधानसभा सीट से पहली बार राष्ट्रीय जनता दल से विधायक बनने के बाद 2005 का विधानसभा चुनाव वह हार गये थे और 2010 में वापसी करते हुए एक बार फिर परबत्ता सीट से जीत कर विधानसभा में पहुंचे।

# लखीमपुर खीरी में बवाल, पुलिस पर किया पथराव

## उपद्रवियों ने वाहनों में तोड़फोड़ की, आग लगाई

**लखीमपुर खीरी (एजेंसी/चिंगारी)।** लखीमपुर खीरी के बांकेगंज के मोतीपुर गांव में मंगलवार शाम हुए बवाल के बाद बवालियों ने रात के अंधेरे में पुलिस पर पथराव कर दिया। जब तक पुलिस कुछ समझ पाती, तब तक कई वाहनों में तोड़फोड़ के बाद दो सरकारी गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। उग्र प्रदर्शन, आगजनी, पथराव और लाठीचार्ज से दहशत का माहौल बन गया। बाजारों में दुकानें बंद हो गई और लोग घरों में कैद हो गए। करीब 500 प्रदर्शनकारियों से 35-40 पुलिसकर्मी ही मोर्चा लेते दिखे। यही कारण रहा कि प्रदर्शनकारियों से बचने के लिए पुलिस को भी सुरक्षित जगह तलाशनी पड़ी। मैलानी थानाध्यक्ष समेत कई पुलिसकर्मी पथराव में घायल हुए हैं। ग्राम पंचायत ग्रंट नंबर 10 के मोतीपुर गांव के लोग मंगलवार दोपहर डॉ. भीमराव राव आंबेडकर की जयंती पर माल्यार्पण के बाद जुलूस निकाल रहे थे। इस दौरान शाम करीब चार बजे मूर्ति हटाए जाने और क्षतिग्रस्त किए जाने की सूचना से आक्रोश भड़क गया।

**आवश्यकता है**

एक गार्ड की (गन तथा बिना गन वाला दोनों में से कोई भी) तथा एक चौकीदार की जो माली का कार्य भी जानता हो।

बाजवा फॉर्म
बासोवाला, बढ़ापुर (बिजनौर)
फोन न0 9412452094

### कासगंज में अंबेडकर शोभा यात्रा के दौरान पथराव

**कासगंज (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले में सहावर थाना क्षेत्र के चहका गुनार गांव में मंगलवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर निकाली जा रही शोभायात्रा के दौरान मार्ग अवरुद्ध किए जाने को लेकर दो पक्षों में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। इस दौरान पथराव और मारपीट की घटना में एक पुलिसकर्मी सहित कई लोग घायल हो गए।

### राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल के नौ ठिकानों पर ईडी ने की छापे मारे

पंजाब से आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल के करीब नौ ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापे मारे हैं। ईडी के टीमें जालंधर में आज सुबह नौ बजे राज्यसभा सांसद मित्तल के घर, यूनिवर्सिटी समेत अन्य ठिकानों पर पहुंचीं। जांच चल रही है। उनके घर के बाहर पुलिस बल तैनात की गई है। श्री मित्तल इस वक्त अपने जालंधर स्थित घर में मौजूद हैं। उल्लेखनीय है कि लगभग 12 दिन पहले आप ने सांसद राघव चड्ढा को राज्यसभा के उपनेता पद से हटा दिया था। इसके बाद श्री मित्तल को उपनेता बनाया गया। श्री मित्तल पंजाब की लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के फाउंडर और चांसलर हैं।

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस. एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313, 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BHMS, BEMS
Since 2010
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुए (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD: MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, OPPOSITE TIRANGA ENTERPRISES, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)
तुरंत आवश्यकता युवक-युवतियों की

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़
बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE

इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती

डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)
आने से पहले कॉल करें-
प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**गुरुवार, 16 अप्रैल 2026**

मेष- आरोग्य सुख में कमी, मित्रों से गलतफहमियां, परिवार में अशांति, धन का अभाव, विशेष प्रयास के बावजूद आंशिक सफलता, सुख में कमी, आवागमन में प्रतिकूलता।

वृषभ- योजना साकार होने की ओर, विवादास्पद मसला हल होने को, मनोविनोद के अवसर, मांगलिक आयोजन सम्पादित, नवसम्पर्क का सुयोग, सामाजिक कृत्य।

मिथुन- बहुप्रतीक्षित कार्यों में सफलता, उल्लास का वातावरण, सुसंदेश की प्राप्ति, बौद्धिक क्षमता में वृद्धि, मेल-मिलाप में रुचि, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग।

कर्क- निराशा का समापन, जनसम्पर्क का सुयोग, कुछेक मसला हल, नवीन योजना का श्रीगणेश, धनागम का मार्ग प्रशस्त, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न।

सिंह- समस्याओं से चिन्ता, स्वास्थ्य में शिथिलता, व्यवसाय में असफलता, आपसी सम्बन्धों में कटुता, दाम्पत्य जीवन में असन्तोष, जोखिम से नुकसान, हानि संभव।

कन्या- आर्थिक उन्नति, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, अधूरे या नवकार्य प्रगति की ओर, कुछेक समस्याएं सुलझने की ओर, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

तुला- ग्रहयोग बेहतर, भावी योजना पर मित्रों से विचार-विमर्श, व्यक्तित्व का विकास, विवादास्पद मसला सुलझने की ओर, यश-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, यात्रा का प्रसंग।

वृश्चिक-अभीष्ट कार्यों में सिद्धि, सुसंदेश की प्राप्ति, परिवार में हर्षोल्लास साहसिक प्रयास प्रगति पर, विवाद की निवृत्ति, मनोविनोद के सुअवसर, लाभ भी।

धनु- पारिवारिक उलझनें, कार्यों में असफलता की स्थिति, लाभार्जन में व्यवधान, निजी इच्छा की पूर्ति में व्यवधान, अनावश्यक व्यय, यात्रा कष्टकर, विरोधियों से परेशानी।

मकर- समय संतोषजनक, स्वजनों से विचार विनिमय, नौकरी में प्रोन्नति, मान-सम्मान में वृद्धि, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त, पारिवारिक खुशी।

कुम्भ- कठिनाइयों का निवारण, स्वयं का निर्णय हितकर, मनोविनोद के सुअवसर, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग, अधिकारियों से अपेक्षित सहयोग, मन प्रसन्न।

मीन- ग्रहयोग बेहतर, मनोरथ पूर्ण, पुरुषार्थ से कार्य सिद्धि, समस्या का समाधान, सुख सुविधा में वृद्धि, सम्भावित यात्रा सुखद, स्वाध्याय की ओर रुझान।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# हल्दौर में धूमधाम से मनाया गया बाबा साहेब का जन्मोत्सव

**हल्दौर (चिंगारी)**। अंबेडकर जयंती के मौके पर स्थानीय मौहल्ला जमनावाला स्थित अम्बेडकर धर्मशाला, आल्हावाला, खेड़ा व भूड़ के मोहल्लेवासियों ने बाबा साहेब का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। धर्मशाला में हवन पूजन किया गया तथा अंबेडकर जी के चित्र के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित की गई। क्षेत्रीय विधायक ओमकुमार ने भी अंबेडकर धर्मशाला पहुंचकर डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने अंबेडकर जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इसके उपरांत मोहल्ला जमनावाला से नगर भर में धूमधाम के साथ शोभायात्रा निकली गयी, जिसका शुभारंभ



इंजीनियर महेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। शोभायात्रा में बाबा साहेब अंबेडकर जी, रविदास जी, महात्मा गौतम बुद्ध, महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्री बाई फुले व भारत का संविधान आदि विभिन्न प्रकार की झांकी शामिल रहीं। शोभायात्रा में शोभायात्रा के अध्यक्ष मुन्नू सिंह, उपाध्यक्ष विशम्बर सिंह, कोषाध्यक्ष मुनेश कुमार, राकेश कुमार, पूर्व सभासद रवि कुमार, डा.जसराम गौतम, राजवीर फौजी, महेन्द्र सिंह, नरेश कुमार, अंकित, विक्की, हिमांशु, अजय सरदार, गोलू, सोनू, राजपाल मिस्त्री, शीशराम सिंह, राजवीर सिंह, विकास, कपिल कुमार, डॉ. अस्मित, घनश्याम सिंह, वीरेंद्र सिंह, हरि सिंह, भूरे सिंह, आदि शामिल रहे।

## चौ. विजेन्द्र सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित की



**हल्दौर ( चिंगारी )**। ब्लॉक प्रमुख चौ.विजेन्द्र सिंह ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती विदुर कुटी आश्रम व अम्हेड़ा चौक पर हर्षोल्लास के साथ मनाई। अंबेडकर जयंती के मौके पर ब्लॉक प्रमुख चौ.विजेंद्र सिंह ने विदुर कुटी आश्रम पहुंचकर संविधान रचयिता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र के सम्मुख पुष्पजंलि अर्पित की। उसके पश्चात उन्होंने ग्राम अम्हेड़ा में चांदपुर चौक पर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर मनोज कुमार, परमेन्द्र सिंह व मनोज चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## कॉलेज में हुई विचार गोष्ठी

**हल्दौर ( चिंगारी )**। स्व.श्री दिलावर सिंह मेमोरियल शिक्षा समिति द्वारा स्थापित हल्दौर ग्रुप ऑफ कॉलेज हल्दौर में डा.भीमराव अंबेडकर जयंती पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय निदेशक डॉ. अनुज कुमार, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. योगेंद्र कुमार एवं समस्त स्टाफ द्वारा भीमराव अंबेडकर जी को पुष्पांजलि अर्पित की गई, इसके उपरांत महाविद्यालय निदेशक डॉ. अनुज कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि 14 अप्रैल को हम संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाते हैं, जो समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय के प्रतीक हैं, उनका जीवन शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो के मंत्र से हमें प्रेरित करता है। बाबा साहेब ने भेदभाव से लड़कर देश को एक सशक्त संविधान दिया, जो हर नागरिक को बराबर अधिकार देता है। गोष्ठी में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## रिक्शाएं टकराने से हुई रार, हथोड़ी से किया वार

**बिजनौर( चिंगारी )**। दो ई-रिक्शाओ के मामूली रूप से आपस में टकराने के बाद एक ने दूसरे रिक्शा चालक के सिर पर हथोड़ी से वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। घटना स्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। कांशीराम कालोनी निवासी असलम व ग्राम खेड़की निवासी राहुल की ई-रिक्शायें मोहल्ला क़ाज़ीपाड़ा में मुस्लिम फंड चौराहे पर आपस में टकरा गई। दोनों में कहासुनी हुई। इसी बीच राहुल ने असलम के सिर पर हथोड़ी से वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों ने आरोपी राहुल को पकड़ कर तहसील पुलिस चौकी को सूचना दे दी। पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और राहुल को पकड़ कर अपने साथ ले गये।

## ग्रामीणों की मांग पर प्रधान ने श्मशान घाट की सड़क बनवाई, करा दी सफाई

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। पास के ग्राम मानियावाला स्थित श्मशान घाट में पिछले काफी समय से गंदगी के अंबार के कारण ग्रामीणों को किसी भी शव का दाह संस्कार करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। शमशान घाट की दयनीय स्थिति को देखकर लोगों में रोष था। ग्रामीणों ने कुछ दिनों पूर्व इसकी शिकायत ग्राम प्रधान से करते हुए सफाई एवं श्मशान घाट पहुंचने को पक्का मार्ग बनवाने की मांग की थी। ग्रामीणों की मांग पर ग्राम प्रधान शाहीन तसव्वर कुरैशी ने शमशान घाट की सफाई कराने सहित वहां सीसी रोड बनवाकर ग्रामीणों की मांग को पूरा करते हुए जन समस्या का समाधान करा दिया। ग्रामीणों राजवीर सिंह, ऋषभ चौहान नंबरदार, शशांक, चंद्रपाल सिंह, विशाल, जतिन, गजराम सिंह, विपिन कुमार, जगदीश सिंह, महिपाल सिंह, शिवराज सिंह, बिजेंद्र सिंह, सुधीर कुमार, सुनील कुमार, नरेंद्र सिंह, मनोज कुमार, अशोक कुमार, जयविंद सिंह, सीताराम, जितेन्द्र सिंह आदि ने समस्या के समाधान हो जाने पर ग्राम प्रधान की सराहना की है।

## बाबा साहेब के कालजयी विचारों से प्रेरणा लें- विकास पंकज

### जीएसएन एकेडमी में धूमधाम से मनाया गई अंबेडकर जयंती

**हल्दौर ( चिंगारी )**। जीएसएन इंटरनेशनल एकेडमी स्कूल हल्दौर में डॉ. बी.आर.अंबेडकर जी की 135 वीं जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या स्वाति पाराशर एवं विद्यालय व्यवस्था प्रभारी विकास पंकज ने संयुक्त रुप से अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्पांजलि समर्पित करते हुए किया। कक्षा 7 के विद्यार्थी गौरांश ने अंबेडकर जी के जीवन पर प्रकाश डाला एवं उनके जीवन के प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए। डॉ.अंबेडकर जी के आदर्शों के विषय में बताते हुए विकास पंकज ने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बताया कि डॉ. अंबेडकर ने सामाजिक समानता एवं समरसता के लिए जीवनपर्यंत कालजयी कार्य किए हैं, हमें उनके सपनों को पूर्ण करने लिए सदैव प्रतिबद्ध रहना चाहिए। आज के परिपेक्ष में कुछ राजनीतिक लोग उनके आदर्शों को अपने हितों को साधने के लिए तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं, उन सभी से सावधान रहने की आवश्यकता पर बल दिया। स्वाति पाराशर ने अंबेडकर जी के जीवन के संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए संदेश दिया कि कोई भी व्यक्ति प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अपने अनुकूल वातावरण बना सकता है, जिसके बल पर वह असंभव कार्यों को भी संभव कर सकता है। कार्यक्रम में अपूर्व चौहान, ललित शर्मा, अर्जुन सिंह, राकेश कुमार, अभिनव कुमार, निशा राजपूत, स्वाति वर्मा, नीरु, नमिता रस्तौगी समेत सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अंत में विकास पंकज ने उपस्थित सभी जनों को सामाजिक समरसता एवं समानता की शपथ दिलाई।



# कुलसुम हैदर ने रोशन किया नहटौर का नाम

**नहटौर ( चिंगारी )।** नहटौर निवासी कुलसुम हैदर ने एएमयू 10वीं बोर्ड परीक्षा में तृतीय स्थान और बालिका वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। कुलसुम हैदर की उपलब्धि पर परिजनों ने खुशी जताई है।

नहटौर के मोहल्ला हकीमान निवासी सरकार हैदर व शैला हैदर की पुत्री कुलसुम हैदर ने अब्दुल्ला गर्ल्स कॉलेज अलीगढ़ से दसवीं बोर्ड की परीक्षा दी थी। घोषित परीक्षा परिणाम के अंतर्गत कुलसुम हैदर ने 98.6 प्रतिशत अंक पाकर बोर्ड में तृतीय स्थान एवं बालिका वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कुलसुम हैदर ने गणित और विज्ञान में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किये। कुलसुम हैदर ने बताया कि उसका लक्ष्य चिकित्सक बनकर आम जन की सेवा करना है।


कुलसुम को मिठाई खिलाते हुए परिजन।

नहटौर के लोगों ने भी कुलसुम की उपलब्धि को गौरवपूर्ण बताया। साथ ही उन्होंने अन्य छात्रों से भी कुलसुम हैदर से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कुलसुम हैदर की माता सरकारी स्कूल में शिक्षिका एवं पिता भी निजी शिक्षक है।

## शिवाली राठी को मिली पीएच.डी. की उपाधि



**बिजनौर ( चिंगारी )।** भगवंत यूनिवर्सिटी अजमेर की ओर से श्रीमती शिवाली राठी पत्नी डा. हिमांशु राठी को पीएचडी की उपाध प्रदान की गयी। चन्द्रलोक कालोनी (किरतपुर रोड) निवासी शिवाली को यह उपाधि भारत में 'महिलाओं के खिलाफ हिंसा-एक कानूनी अध्ययन' विषय पर शोध में लिए प्रदान की गयी है। उन्होंने अपना शोध कार्य विधि विभाग के अध्यक्ष डा. संजय चौधरी के निर्देशन में पूर्ण किया। शिवाली ने अपनी उपलब्धि का श्रेय परिजनों को देते हुए यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डा. अनिल सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## थेपुर में बान नदी के पास मिला शव

कोतवाली देहात। क्षेत्र के गांव थेपुर ( रायपुर ) के जंगल में बान नदी के निकट थेपुर निवासी साजिद के खेत में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने ग्रामीणों द्वारा पहचान कराने का प्रयास किया। लेकिन मृतक के शव की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार का कहना है कि मृतक के शरीर पर किसी भी प्रकार की चोट का कोई निशान नहीं पाया गया है। मृत्यु का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकता है। मृतक की आयु लगभग 40 वर्ष बताई जा रही है। शव को देखकर मृत्यु एक दिन पुरानी बताई जा रही है। प्रथम दृष्टि से मृतक बाहरी व्यक्ति लग रहा है।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं। कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

Hero
अप्रैल में हीरो के साथ शानदार ऑफर के साथ

1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक
CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 3000 |
| 2 | HF Deluxe | 2100 |
| 3 | Super Splendor | 3000 |
| 4 | Xtreme 125R | 2500 |
| 5 | Glamour X | 2500 |
| 6 | Premium Segment | 5000 |
| 7 | Mavrick | 50000 |
| 8 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर 5.फीमेल टेलीकॉलर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

**भली लगे या बुरी ...**

## नये अध्याय का सूत्रपात

बिहार में आज उस समय एक नये राजनीतिक अध्याय का सूत्रपात हुआ, जब भारतीय जनता पार्टी के नेता सम्राट चौधरी ने राज्य के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसी के साथ भाजपा का बिहार में अपना मुख्यमंत्री बनाने का सपना भी साकार हुआ। इस मुकाम तक पहुंचने के लिये भाजपा को लम्बी यात्रा तय करनी पड़ी। नीतीश कुमार के सहारे भाजपा ने अपना लक्ष्य हासिल कर लिया। अब नीतीश कुमार और उनकी पार्टी जनता दल-यू का भविष्य क्या होगा, यह भविष्य के ही गर्भ में छिपा है। फिलहाल बिहार में आज से 'सम्राट युग' शुरू हो गया है। जहां तक नीतीश कुमार का सवाल है, उन्होंने अपने 20-21 साल के शासनकाल में बिहार की तस्वीर बदलने का भरसक प्रयास किया और उन्हें बहुत हद तक सफलता भी मिली। खासकर कानून व्यवस्था के क्षेत्र में नीतीश कुमार ने सुशासन स्थापित करने का प्रयास किया। बिहार को गरीबी और लाचारी के दौर से बाहर निकाला। आंकड़ों के अनुसार, 2005 से 2020 के बीच राज्य में लाखों किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण और मरम्मत कार्य हुआ, जिससे गांवों को जिला मुख्यालय से जोड़ने की प्रक्रिया तेज हुई। शिक्षा क्षेत्र में भी उनके कार्यकाल को बदलाव के दौर के रूप में देखा गया। 2006 में शुरू की गई साइकिल योजना का प्रभाव सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। इस योजना के तहत अब तक एक करोड़ से अधिक छात्र-छात्राओं को साइकिल उपलब्ध कराई गई, जिससे खासकर लड़कियों की स्कूल पहुंच बढ़ी। 2005 में जहां माध्यमिक स्तर पर लड़कियों का नामांकन प्रतिशत अपेक्षाकृत कम था, वहीं अगले दस वर्षों में इसमें उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इसी तरह पोशाक योजना और छात्रवृत्ति योजनाओं ने भी स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाने में भूमिका निभाई। पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला उनके शासनकाल की सबसे बड़ी प्रशासनिक पहलों में गिना जाता है। बिहार देश के उन शुरुआती राज्यों में शामिल हुआ, जहां पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी इतनी बड़ी संख्या में बढ़ी। इसके बाद हजारों महिलाएं मुखिया, वार्ड सदस्य और जिला परिषद सदस्य के रूप में सामने आईं। इस फैसले ने ग्रामीण राजनीति का स्वरूप बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# नारी-आरक्षण

# नये भारत का आधार एवं संभावनाओं का शिखर

**▶▶ललित गर्ग**

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भारत की राजनीति और समाज में जो नई चेतना उभरकर सामने आई है, वह केवल एक विधायी परिवर्तन का संकेत नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक रूपांतरण एवं नये भारत-निर्माण की संभावनाओं की प्रस्तावना है। निश्चित तौर पर भारत अब अपने विकास की धुरी में महिलाओं की सक्रिय और निर्णायक भागीदारी को अनिवार्य मानने लगा है। दशकों से लंबित महिला आरक्षण का मुद्दा केवल संसद के गलियारों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह भारतीय समाज की उस अंतर्धारा से जुड़ा रहा है, जिसमें बराबरी, सम्मान और अवसर की मांग निरंतर उठती रही है। लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत स्थान आरक्षित करने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह सही कहा कि यह इस सदी के महत्वपूर्ण कदमों में से एक है। पहले यह अधिनियम नई जनगणना के बाद लागू होना था, पर उसमें देरी के चलते सरकार ने इसे 2011 की जनगणना के आधार पर लागू करने का निर्णय किया। इस पर विपक्षी दलों ने आपत्ति जताई है, पर इस आपत्ति को महत्व देने से अगले लोकसभा चुनाव में महिला आरक्षण लागू करना संभव नहीं होगा, क्योंकि ताजा जनगणना के आंकड़ों के आधार पर बनने वाले परिसीमन आयोग की रिपोर्ट आने में समय लगता और तब तक 2029 के आम चुनाव हो जाते। इसी कारण इस अधिनियम में संशोधन करने हेतु संसद का एक विशेष सत्र बुलाया गया है। चूंकि यह सत्र विधानसभा चुनावों के बीच बुलाया जा रहा है, इसलिए भी कई विपक्षी दलों को यह कांटों की तरह चुभन दे रहा है। भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी का इतिहास विरोधाभासों से भरा रहा है। एक ओर देश ने इंदिरा गांधी जैसी सशक्त महिला नेतृत्व को देखा, वहीं दूसरी ओर संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की संख्या लंबे समय तक सीमित बनी रही। वर्तमान में लोकसभा में महिलाओं की भागीदारी लगभग 15 प्रतिशत के आसपास है, जो यह बताती है कि राजनीतिक प्रतिनिधित्व के स्तर पर अभी भी एक बड़ा अंतर विद्यमान है। इस संदर्भ में महिला आरक्षण अधिनियम उस अंतर को पाटने का एक संगठित और संरचनात्मक प्रयास है। महत्वपूर्ण यह भी है कि इस अधिनियम को लागू करने के संदर्भ में जनगणना और परिसीमन को लेकर जो विवाद सामने आया है, वह भारतीय लोकतंत्र की जटिलताओं को भी उजागर करता है। सरकार द्वारा 2011 की जनगणना के आधार पर इसे लागू करने का निर्णय एक व्यावहारिक दृष्टिकोण को दर्शाता है, क्योंकि नई जनगणना और उसके बाद परिसीमन की प्रक्रिया में होने वाली देरी महिला आरक्षण को वर्षों तक टाल सकती थी। विपक्ष की आशंकाएं अपनी जगह पर हैं, परंतु अभी तक उनके समर्थन में ठोस तथ्य सामने नहीं आए हैं।



भारतीय राजनीति में किसी भी बड़े निर्णय को राजनीतिक दृष्टिकोण से देखने की परंपरा रही है और महिला आरक्षण भी इससे अछूता नहीं है। विपक्ष द्वारा यह आरोप लगाना कि सरकार इस पहल के माध्यम से राजनीतिक लाभ लेना चाहती है, लोकतांत्रिक विमर्श का हिस्सा है। किन्तु यह भी उतना ही सत्य है कि लोकतंत्र में लिए जाने वाले अधिकांश निर्णयों के पीछे राजनीतिक गणित काम करता है। प्रश्न यह नहीं होना चाहिए कि निर्णय के पीछे राजनीतिक लाभ है या नहीं, बल्कि यह होना चाहिए कि उसका प्रभाव समाज पर कितना सकारात्मक पड़ता है। यदि महिला आरक्षण से महिलाओं की भागीदारी बढ़ती है और नीति निर्माण में उनका दृष्टिकोण शामिल होता है, तो यह संपूर्ण समाज के लिए लाभकारी होगा। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय राजनीति में महिलाओं की भूमिका में एक उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिला है। महिलाएं अब केवल मतदाता नहीं रहीं, बल्कि वे एक निर्णायक मतदाता वर्ग के रूप में उभरी हैं। 2019 के आम चुनावों में महिला मतदाताओं की भागीदारी पुरुषों के लगभग बराबर रही और कई राज्यों में उन्होंने पुरुषों से अधिक मतदान किया। यह परिवर्तन केवल संख्या का नहीं, बल्कि चेतना का संकेत है। महिलाएं अब अपने अधिकारों और हितों के प्रति अधिक सजग हो रही हैं और राजनीतिक निर्णयों को प्रभावित करने की क्षमता रखती हैं।

डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को इस संदर्भ में विशेष रूप से स्मरण किया जाना चाहिए। उन्होंने भारतीय संविधान के माध्यम से समानता और न्याय के सिद्धांतों को स्थापित करते हुए महिलाओं को समान अधिकार देने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया। उनका यह विश्वास था कि किसी भी समाज की प्रगति का आकलन वहां की महिलाओं की स्थिति से किया जा सकता है। आज जब महिला आरक्षण की बात हो रही है, तो यह उसी विचारधारा का विस्तार प्रतीत होता है, जिसमें महिलाओं को केवल संरक्षण नहीं, बल्कि सशक्तिकरण का अवसर प्रदान किया जाता है। हालांकि यह भी समझना आवश्यक है कि महिला आरक्षण अपने आप में कोई अंतिम समाधान नहीं है।

यह एक आवश्यक कदम है, परंतु पर्याप्त नहीं। राजनीतिक प्रतिनिधित्व बढ़ने से महिलाओं की आवाज अवश्य मजबूत होगी, परंतु सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक स्तर पर समानता स्थापित करने के लिए और भी प्रयास करने होंगे। आज भी भारत में महिला श्रम भागीदारी दर लगभग 25 प्रतिशत के आसपास है, जो वैश्विक औसत से काफी कम है। शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति हुई है, परंतु उच्च शिक्षा और तकनीकी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी को और बढ़ाने की आवश्यकता है। महिला आरक्षण के क्रियान्वयन के सामने कुछ चुनौतियां भी हैं। यह आशंका व्यक्त की जाती रही है कि कई स्थानों पर महिलाएं केवल नाममात्र की प्रतिनिधि बनकर रह जाएंगी और वास्तविक निर्णय उनके पुरुष परिजन लेंगे। पंचायत स्तर पर इस तरह के उदाहरण देखने को मिले हैं, परंतु समय के साथ महिलाओं ने इस स्थिति को बदला भी है और अपने अधिकारों को स्वयं संभालने की क्षमता विकसित की है। इसी प्रकार राजनीतिक प्रशिक्षण और नेतृत्व विकास की आवश्यकता भी महत्वपूर्ण है, ताकि महिलाएं केवल प्रतिनिधि न होकर प्रभावी नीति निर्माता बन सकें। इसके साथ ही राजनीतिक दलों की आंतरिक संरचना में भी परिवर्तन आवश्यक है। यदि दल अपने संगठनात्मक ढांचे में महिलाओं को पर्याप्त स्थान नहीं देंगे, तो केवल आरक्षण के माध्यम से वास्तविक सशक्तिकरण संभव नहीं होगा।

**भारतीय राजनीति में किसी भी बड़े निर्णय को राजनीतिक दृष्टिकोण से देखने की परंपरा रही है और महिला आरक्षण भी इससे अछूता नहीं है। विपक्ष द्वारा यह आरोप लगाना कि सरकार इस पहल के माध्यम से राजनीतिक लाभ लेना चाहती है, लोकतांत्रिक विमर्श का हिस्सा है। किन्तु यह भी उतना ही सत्य है कि लोकतंत्र में लिए जाने वाले अधिकांश निर्णयों के पीछे राजनीतिक गणित काम करता है। प्रश्न यह नहीं होना चाहिए कि निर्णय के पीछे राजनीतिक लाभ है या नहीं, बल्कि यह होना चाहिए कि उसका प्रभाव समाज पर कितना सकारात्मक पड़ता है।**

# सांसद मुहिबुल्ला का विचार : 2027 में पीडीए के बल पर बनेगी सपा की सरकार




**बिजनौर ( चिंगारी )**। समाजवादी पार्टी के रामपुर से सांसद मुहिबुल्ला नदवी ने दावा किया है कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा प्रदेश में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के बल पर पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर पीडीए को मजबूत करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

सांसद मुहिबुल्ला नदवी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान की वजह से ही आज एक दलित महिला देश के सर्वोच्च पद पर आसीन है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पार्टी 2027 के चुनाव को जीतने के लिए सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि सपा इसका विरोध सड़कों पर उतरकर नहीं, बल्कि प्रदेश भर में पीडीए कार्यक्रम आयोजित कर करेगी।

इस मौके पर नागीना लोकसभा सीट से चुनाव लड़ चुके पूर्व जज मनोज कुमार ने जानकारी दी कि अंबेडकर जयंती के अवसर पर 'पीडीए सेवा पोर्टल' का शुभारंभ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल के माध्यम से आम लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसका मुख्य कार्यालय दिल्ली में स्थापित किया गया है और कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या ऑनलाइन दर्ज करा सकता है, जिसका निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन, डॉ. रमेश तोमर, शमशाद अंसारी, राशिद हुसैन, सत्यपाल प्रधान, प्रभा चौधरी, अखलाक पप्पू, डॉ. रहमान, जावेद राइन और अशोक आर्य सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चांदपुर में बैंडबाजे के साथ निकली शोभायात्रा



**चांदपुर ( चिंगारी )**। अम्बेडकर सेवा समिति के तत्वावधान में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती नगर में बैंडबाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि चरन सिंह सागर द्वारा फीता काटकर किया गया। अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोभायात्रा में दो बैंड के साथ-साथ बाबा साहेब और भगवान बुद्ध की झांकियां प्रमुख रहीं। पतियापाड़ा में शोभायात्रा का समापन हुआ। कार्यक्रम में अध्यक्ष दिनेश कुमार, महामंत्री संजय सिंह, महेंद्र कुमार, राधा रानी, अकील अंसारी, गोविंद मित्तल, पप्पू चेयरमैन, पंकज चौधरी, शेरबाज पठान, शकील हाशमी, सुरेश सिंह, रामस्वरूप, मंगू सिंह, महावीर सिंह, ओमप्रकाश, राजेंद्र सिंह, कुंवर सैन गौतम, नरेश कुमार, यतीश कुमार, सूरज सिंह, दिग्विजय सिंह, हंसराज सिंह सहित अन्य लोगों का विशेष सहयोग रहा।

# तरक़्क़ी के लिये तालीम ज़रूरी : मुफ़्ती इरफ़ान

## इलाही बख़्श स्कूल में मनायी गई अंबेडकर जयंती



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )**। कस्बे के इलाही बख्श पब्लिक स्कूल में डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस मौके पर भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर के जीवन दर्शन को लेकर अभिभावक, शिक्षक व विद्यार्थी गोष्ठी हुई। स्कूल के एमडी मुफ्ती इरफान कासमी ने अपने बयान में डा. भीमराव अंबेडकर के जीवन दर्शन के अलावा शिक्षा के क्षेत्र में दिए योगदान को याद करते हुए वर्तमान समाज के लिए इसे प्रेरणा का स्रोत बताया। समाज तभी प्रगति कर सकता है, जब उसके सदस्य शिक्षित होकर एक सच्चे इंसान के रूप में देश की सेवा के लिए निकल जाएं। स्कूलों में महापुरूषों के आदर्श बच्चों के लिए स्पष्ट होने चाहिए। इमरान वफा ने अपने संबोधन में कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर का जीवन जमीन से जुड़े हुए इतिहास की याद दिलाता है। अनेक भागों और सामाजिक रूढ़ियों को झेलते हुए आपने शिक्षा पूरी की। अनेक विषयों के विद्वान बने। देश को संविधान दिया। उनका योगदान अविस्मरणीय रहेगा। स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी अथहर महमूद सिद्दीकी ने कहा कि डा. भीमराव अम्बेडकर का एक प्रसिद्ध कथन शिक्षा शेरनी का वह दूध है, जो पिएगा वो दहाड़ेगा। इस अवसर पर अनेक गणमान्य नागरिकों ने विचार रखे। बड़ी संख्या में विद्यार्थी व अभिभावक मौजूद रहे।

# डा. भीमराव साहेब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया



**बिजनौर ( चिंगारी )**। निषाद पार्टी के तत्वावधान में रशीदपुर गढ़ी स्थित पार्टी की महिला मोर्चा अध्यक्ष शशि रानी के आवास पर संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर जी की 135वीं जयंती मनाई गई। वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय निषाद एकता परिषद के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कश्यप ने बताया कि बाबा साहेब द्वारा निर्मित संविधान यह सिखाता है कोई धर्म बड़ा-छोटा नहीं है, सभी धर्म समान हैं। वहीं निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष नवीन कश्यप ने बताया कि संविधान में सभी का समान अधिकार है, चाहे वह किसी भी धर्म को मानने वाला हो। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष जीत सिंह, जिला महासचिव डॉ. ऋषिपाल सिंह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष दीपक कश्यप, धर्मेंद्र कश्यप, विधानसभा अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार, राहुल कुमार, महिला मोर्चा जिला महासचिव सोनिया कश्यप, लक्ष्मी कश्यप, प्रमोद कश्यप, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र कश्यप, संजीव कश्यप, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, राकेश कश्यप, राजेश कश्यप आदि लोग मौजूद रहे।

# लाइट टावर गिरने से मस्जिद की मीनार क्षतिग्रस्त

**बिजनौर ( चिंगारी )**। नगर के मोहल्ला मिर्दगान में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बाहर वाली मस्जिद पर लगा एक पुराना लाइट टावर अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे में मस्जिद की एक मीनार क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि घटना के वक्त वहां मौजूद राहगीर बाल-बाल बच गए, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मंगलवार को जैसे ही लाइट टावर गिरा, तेज आवाज के साथ आसपास के क्षेत्र में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। लोग डर के मारे इधर-उधर भागने लगे। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। स्थानीय निवासी इमरान, राशिद और अन्य लोगों का कहना है कि हमने कई बार शिकायत की, लेकिन हर बार केवल आश्वासन मिला। अगर समय रहते इसे हटाया जाता या ठीक किया जाता, तो हादसा नहीं होता।

# खालसा अकादमी में हुआ भव्य यूथ एथलेटिक्स मीट का आयोजन

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )**। मीरी-पीरी खालसा अकादमी अगवानपुर में जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा आयोजित जूनियर यूथ एथलेटिक्स मीट का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जगप्रीत कौर सिद्धू तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य जसपाल सिंह बाजवा एवं समिति सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी प्रतियोगियों ने प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में मीरी-पीरी खालसा अकादमी, अगवानपुर के



विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में गुरमन्नत कौर, पावलीन कौर, अनंत दीप सिंह, गगन सिंह, जश्न, इकजोत कौर, मनमीत, हरप्रीत, शशांक व अन्य विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 22 स्वर्ण पदक, वहीं विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने 18 रजत पदक एवं 12 कांस्य पदक जीतकर सफलता हासिल की, जिन्हें उनके उत्कृष्ट प्रयासों को सराहते हुए नकद पुरस्कार भी प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के अंत में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रशासन एवं आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया।

# डॉ. अम्बेडकर के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया

## सपाइयों ने किया बाबा साहब का स्मरण


बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुये पूर्व मंत्री मूलचंद।

**धामपुर (चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी के कैंप कार्यालय, नौरंगाबाद स्थित भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोउल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री ठाकुर मूलचंद चौहान ने की, संचालन नसीम राणा ने किया।

कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया। वक्ताओं ने बाबा साहब अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने दलितों और वंचितों वर्गों को राजनीतिक आधार दिलाने के साथ-साथ सामाजिक कार्य के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने समाज में भेदभाव के खिलाफ भी आवाज उठाई और किसानों श्रमिकों एवं महिलाओं के अधिकारों के समर्थन में कई ऐतिहासिक कदम उठाए। संविधान के निर्माण में उनकी अहम भूमिका रही। उनके योगदान के लिए वर्ष 1990 में उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित भी किया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में ठाकुर अमित चौहान पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक बिजनौर, नसीम राणा, अंकित चौहान, निसार मुल्तानी, शराफत, कलाम, मोहित गुप्ता, मेहताब अहमद, फैजान अहमद, आसिफ अंसारी, संजीव पवार, मोहम्मद इस्लाम, सलाहुद्दीन, धर्मवीर जोशी, गुरमीत जुनेजा, अरमान अली, हाजी कलाम अंसारी, विनोद राजपूत, रविंद्र राजपूत, नवनीत राणा, बहादुर सिंह, नाजिम कुरैशी, जावेद, शाहिद आदि शामिल रहे।

## शिशु मंदिर में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई

**धामपुर (चिंगारी)।** नगीना मार्ग स्थित पुरुषोत्तम शरण भानु प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम समस्त स्टाफ द्वारा मां शारदा एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्चन किया गया। मां शारदा की वंदना के पश्चात विद्यालय के अचार्य भूपेंद्र कुमार द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला गया ।

## डॉ. अम्बेडकर ने राष्ट्र निर्माण में दिया अतुलनीय योगदान : जसराम सिंह

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मनाई अम्बेडकर जयंती

**धामपुर (चिंगारी)।** संविधान के रचयिता/आज़द भारत के प्रथम कानून मंत्री/भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन के अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीमती हेनरीता राजीव सिंह के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धामपुर द्वारा ग्राम सादुल्लाह खानपुर उर्फ मादी में ब्लॉक अध्यक्ष जसराम सिंह के आवास पर भंडारे एवं एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता धामपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जसराम सिंह ने की। ब्लाक अध्यक्ष जसराम सिंह ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी भारतीय संविधान के जनक, महान समाज सुधारक, अर्थशास्त्री और दलितों के मसीहा थे। उनका जन्म मध्यप्रदेश के महू में हुआ था, उन्होंने कठोर सामाजिक भेदभाव के बावजूद शिक्षा के दम पर उच्च स्थान प्राप्त किया। वे भारत के पहले कानून मंत्री बने और उन्होंने समानता, न्याय और बंधुत्व पर आधारित राष्ट्र की नींव रखी। उन्होंने जाति व्यवस्था के खिलाफ लड़ते हुए अश्पृश्यता उन्मूलन, महिलाओं और श्रमिकों के अधिकारों की वकालत की और राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय योगदान दिया। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष जसराम सिंह, ग्राम प्रधान भोपाल सिंह, पूर्व प्रधान नरेश कुमार सिंह, लोकेंद्र कुमार, नरेश कुमार, बहादुर सिंह, जगदीश सिंह, मनोज कुमार, धर्मवीर सिंह, मोनू कुमार, रितिक कुमार, दीपक कुमार, ऋषिपाल सिंह, कौशल कुमार, रविपाल सिंह, शौकीन अहमद, दारा सिंह, मल्लू सिंह, कलवा सिंह, विकी कुमार, विनीत कुमार, सुमित कुमार आदि मौजूद रहे।


चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता।

## डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण

**धामपुर (चिंगारी)। भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाई। ग्राम पुराना धामपुर हुसैनपुर, कौड़ीपुरा में डा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर कांग्रेसयों ने माल्यार्पण किया। कांग्रेस के धामपुर नगर अध्यक्ष डॉ. नदीम नज़ाकत खां, नगर उपाध्यक्ष वसीम रजा, मंडल अध्यक्ष नसीमुद्दीन अंसारी, वसीम अहमद अब्बासी जिला सचिव ओवीसी सचिन शर्मा, राजन, योगेश कुमार, अमर सिंह, इकबाल अहमद आदि उपस्थित रहे।**

## हंसगुल्ले

✦ **टीचर :** बेटा, अगर सच्चे दिल से प्रार्थना की जाए तो वह सफल जरूर होती है।
**स्टूडेंट :** रहने दीजिए सर, अगर ऐसा होता तो आज आप मेरे सर नहीं, ससुर होते।

✦✦✦✦

✦ **जज :** घर के मालिकों के घर में रहते हुए तुमने चोरी कैसे की?
**भोलू :** जज साहब, आपकी अच्छी नौकरी है, अच्छी सैलरी है, फिर आप ये सब सीखकर क्या करोगे?

✦✦✦✦

✦ **मिंटू :** मैं आपकी बेटी के साथ शादी करना चाहता हूं।
**पड़ोसी :** कितना कमा लेते हो?
**मिंटू :** 20 हजार रुपये प्रति माह।
**पड़ोसी :** मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं।
**मिंटू :-** मैं उसी को जोड़कर बता रहा हूं।

✦✦✦✦

✦ **पूनम:** कल तुम किटी पार्टी में क्यों नहीं आई?
**नीलम :** यार कल मेरी बीएमडब्लू नहीं आई थी।
**पूनम :** बीएमडब्लू। वाह, तेरे पास इतनी महंगी गाड़ी है?
**नीलम :** नहीं यार, बीएमडब्लू का मतलब है- बर्तन मांजने वाली।

# खालसा पंथ साजना दिवस के रूप में मनाया बैसाखी का पर्व

### विधायक, एसडीएम, पालिकाध्यक्ष आदि को भेंट किया सरोपा


अतिथियों को सम्मानित करते हुए गुरुद्वारा के पदाधिकारी।

**धामपुर (चिंगारी)।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में बैसाखी पर्व, खालसा पंथ साजना दिवस के रूप में धूमधाम से आयोजित किया गया। गुरुद्वारा के दीवान हाल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के संरक्षक सरदार महेंद्र पाल सिंह सेठी तथा सुखमनी सेवा सोसाएटी की जत्थेदार बीबी मनजीत कौर सेठी के परिवार की ओर से चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के तीन दिवसीय अखंड पाठ को पूर्णता दिलाते हुए किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर में स्थापित लगभग 125 फीट ऊंचे निशान साहिब जी के चोले परिवर्तन की रस्म भी अदा की गई। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा को स्त्री सत्संग सभा की जत्थेदार बीवी महेंद्र कौर खालसा, वरिष्ठ सदस्य सुरेंद्र कौर अरोड़ा, बीबी जसपाल कौर, बीबी इंद्रजीत कौर चावला, सविता गुगलानी आदि ने सम्मानित किया। इनके अलावा गुरुद्वारे की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट, सचिन सरदार गुरु चरण सिंह चावला, सरदार सुरेंद्र सिंह हुड्डा, सरदार गुरशरण सिंह मोहन, एसपी सलूजा आदि ने विधायक अशोक कुमार राणा, नगर पालिका परिषद धामपुर के अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, पूर्व ब्लाक प्रमुख चौधरी अतुल कुमार सिंह राजा, भारतीय जनता पार्टी के दिनेश सैनी, जिला, सुभाष सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष रवि चौधरी, प्रांतीय पार्षद भूपेंद्र सैनी, पालिका सभासद सरदार सतमीत सिंह मन्त्री, पालिका सभासद सुमित माहेश्वरी, भाजपा धामपुर मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया।

इसके अलावा बैसाखी पर्व दिवस पर समूची संगत के लिए लंगर की सेवा व्यवस्था करने वाले सरदार प्रीतम सिंह चावला, सरदार गुरदीप सिंह चावला, बीबी रवनीत कौर चावला, सिमरन कौर चावला, लवलीन कौर चावला पूर्व नगर पालिका सभासद सरदार जसप्रीत सिंह रॉकी, सरदार देवेंद्र सिंह मोगा, सरदार बलजीत सिंह गांधी जोगा, साहिबजादा बाबा अजीत सिंह दल के संरक्षक सरदार अमरजीत सिंह सीडाना एवं जत्थेदार सरदार जसविंदर सिंह सीडाना बेबे नानकी दल की जत्थेदार बीबी अमनप्रीत कौर सीडाना आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक अरदास से किया गया।








# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होने पर महिलाओं ने निकाली स्कूटी रैली

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी सरकार के द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने पर आयोजित स्कूटी रैली ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावी संदेश दिया। इन्दिरा बाल विकास भवन बिजनौर से नगर पालिका अध्यक्ष इन्दिरा सिंह ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। स्कूटी रैली का उद्देश्य समाज में महिलाओं की भागीदारी और उनके अधिकारों के प्रति चेतना जगाना है। नगर पालिका चौक पर रैली का समापन हुआ, जहां नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह ने महिलाओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे- उज्ज्वला, मुद्रा योजना और महिला आरक्षण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू करने की आवश्यकता इसलिए पड़ी, क्योंकि भूतकाल में सभी पार्टियों ने महिलाओं की राजनैतिक भागेदारी लगभग शून्य और अपने परिवार तक सीमीत रखी। परन्तु भाजपा सभी 140 करोड़ भारतीयों को अपना परिवार मानती है और आधी आबादी को राजनैतिक भागेदारी में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर भाजपा ने देश को विकसित भारत की ओर अग्रसित किया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम भाजपा सरकार का एक ऐतिहासिक कदम है, जिससे लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं की 33प्रतिशत सीटें आरक्षित होंगी। यह कानून लैंगिक समानता की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

# अधीनस्थ कृषि सेवा संघ के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई



**बिजनौर ( चिंगारी )।** अधीनस्थ कृषि सेवा संघ उत्तर प्रदेश जनपद शाखा बिजनौर का दिववार्षिक अधिवेशन और शताब्दी समारोह कृषि भवन सभागार कक्ष बिजनौर में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष अधीनस्थ कृषि सेवा संघ योगेंद्रपाल सिंह योगी द्वारा निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम का संचालन देशराज पूर्व अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद बिजनौर द्वारा किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री फईम अख्तर रहे, जिन्होंने प्रदेश स्तर पर चल रही गतिविधियों की जानकारी दी। नवनिर्वाचित टीम ने डॉ. विकास कुमार अध्यक्ष, सत्येंद्र कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ. रामप्रसाद जिला मंत्री, रितेश कुमार संगठन मंत्री और आदित्य वीर सिंह कोषाध्यक्ष निर्वाचित निर्विरोध घोषित किए गए। इस अवसर पर संघ के पुराने पदाधिकारियों को शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मण्डलीय अध्यक्ष शैलेश त्यागी, मंत्री बृजराज यादव, मुरादाबाद के अध्यक्ष मोहित बिश्नोई, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के धीरज कुमार व शूरवीर सिंह की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# कार सवार युवकों ने किया स्कूटी सवारों पर हमला

**नूरपुर ( चिंगारी )। कार सवार हमलावरों ने स्कूटी सवार दो युवकों के साथ लाठी-डंडे से मारपीट की तथा हवाई फायरिंग कर सनसनी फैला दी।**

## फायरिंग कर सनसनी फैला दी

मंगलवार की देर शाम करीब आठ बजे कस्बे के मोहल्ला शहीदनगर निवासी युवक नमित चौहान पुत्र शिवकुमार चौहान अपने साथी सागर के साथ स्कूटी से घूम रहा था। जब वह एक पेट्रोल पम्प के नजदीक पहुंचे तो पीछे से आए कार सवार करीब आधा दर्जन युवकों ने स्कूटी रुकवा ली तथा स्कूटी सवार दोनों युवकों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमलावरों ने सागर पर कार चढ़ाने का भी प्रयास किया। आरोप है कि इसी बीच हमलावरों ने दो राउंड फायरिंग भी की। फायरिंग से आसपास हड़कंप मच गया। अपनी ओर लोगों को आता देखकर हमलावर कार में बैठकर फरार हो गए। घायल युवक को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। घायल युवक के पिता शिवकुमार चौहान की ओर से घटना के सम्बंध में अज्ञात के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# दुकानों का किराया बढ़ाने पर व्यापारी भड़के

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद द्वारा पालिका के दुकानदारों का मनमाने तरीके से किराया बढ़ाये जाने के विरोध में आज पूर्वाहन 11 बजे व्यापारियों ने अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखकर नगर पालिका परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे बैठकर धरना दिया और अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला का घेराव किया।



ईओ से वार्ता करते हुए व्यापारी

नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 4 के पालिका के किराएदार आज प्रात: अपने-अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद करके नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे धरना देकर बैठ गए। धरना देने वालों में अनिल कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, पराग गुप्ता, प्रेम कुमार, हितेंद्र अग्रवाल, वसीअहमद, जयपाल सिंह, सौरभ मित्तल, शहजाद अहमद, मनु, त्रिलोकचंद, जसवंत सिंह सहित दर्जनों व्यापारी शामिल रहे।

इस दौरान व्यापारियों ने नगर पालिका परिषद के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला व्यापारियों के बीच पहुंचे और उनसे कहा कि आप अपनी समस्याओं के संबंध में ज्ञापन दे दीजिए, हम इस पर विचार करेंगे, जिस पर व्यापारी भड़क गए। उन्होंने कहा हमने कई बार ज्ञापने दिया है तथा वार्ता भी हो चुकी है, इसके बावजूद पालिका द्वारा मनमाने तरीके से व्यापारियों से किराया वसूला जा रहा है, इसे किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बाद में अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ल ने संबंधित के लिपिक को निर्देशित किया कि वह अभी व्यापारियों से पुराने किराए को ही जमा कर ले आगे की प्रक्रिया बाद में निर्धारित की जाएगी।

# शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो

## नगीना में धूमधाम से निकली शोभायात्रा



शेख़ शाहनवाज खलील को पगड़ी बांधकर सम्मानित करते आयोजक।



नगीना में हुई विचार गोष्ठी में मंचासीन अतिथि।

**नगीना (चिंगारी)।** डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर नगर के मुख्य मार्गों पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए मुंसफी के पास स्थित अंबेडकर पार्क में पहुंचकर विचार गोष्ठी में तब्दील हो गई। डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मारक समिति के तत्वावधान में शोभायात्रा मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे मोहल्ला चौधराना स्थित देवता मंदिर से प्रारंभ हुई, जो दोपहर करीब तीन बजे नगर के मुख्य मार्ग स्टेशन रोड से होते हुए अंबेडकर पार्क पर पहुंचकर संपन्न हो गई। शोभायात्रा में शामिल डीजे /बैंडबाजे पर युवा जमकर नृत्य कर रहे थे। शोभायात्रा में शामिल करीब एक दर्जन से अधिक मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा में समिति के अध्यक्ष राजकुमार सिंह, महासचिव रोहित कुमार रवि, चंद्रपाल सिंह, दीपक कुमार, प्रदीप गर्ग, शीतल अग्रवाल, रोहित कुमार, मदनपाल सिंह, राहुल सैनी, मोहित गोयल आदि मौजूद रहे। नगर पालिका चेयरपर्सन ताहिरा बेगम की तरफ से शोभायात्रा में शामिल लोगों का चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, शेख सहराज खलील ने अपनी टीम के साथ भव्य स्वागत किया गया। अंबेडकर पार्क में आयोजित विचार गोष्ठी में सभी वक्ताओं ने डॉ.भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर विधायक मनोज पारस, कांग्रेस जिला अध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह, पूर्व विधायक सतीश गौतम, सेवानिवृत आईएएस आरके सिंह, रोहित कुमार रवि, धर्मेंद्र पारस, अक्षेश पारस आदि मौजूद रहे।

## भाजपा सरकार बाबा साहेब के सपनों को कर रही साकार- भूपेन्द्र चौहान बॉबी



### भाजपा ने समारोहपूर्वक मनायी संविधान निर्माता की जयंती

**बिजनौर (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर आधुनिक भारत के निर्माता और सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं।**

समारोह की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बाबा साहेब के पंचतीर्थों का विकास कर उनके सपनों को साकार कर रही है।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री बलराज त्यागी द्वारा किया गया। इस अवसर पर पार्टी के विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर महिला आयोग सदस्य संगीता अग्रवाल, जिला सहमीडिया प्रभारी पं. गोपाल धीमान, जिला मीडिया प्रभारी दीपक गर्ग, वरिष्ठ नेता जोगेन्द्र वालिया, जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा सुधीर कुमार भुईयार, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र राजपूत, जिला मंत्री विनोद राठी, जिला उपाध्यक्ष मायापाल, जिला संयोजक आईटी अश्वनी शर्मा, मंजू चौधरी, सुनील राजपूत, दुष्यंत कुमार, प्रदीप कौशिक, संजीव गुप्ता, अरविंद विश्वकर्मा, शशि चौहान, संजू प्रधान, नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम, मण्डल अध्यक्ष पुष्पराज, राजवीर चौहान, मानव सचदेवा, मंदीप चौधरी, राजीव वर्मा, संदीप त्यागी, राजेन्द्र विश्वकर्मा, अरूण विश्वकर्मा, निधि वर्मा, गौरव धीमान, भावना शर्मा, पूनम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई ओम कुमार ने धूम मचाई



### बोले- हमें बाबा साहेब के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए



**नहटौर (चिंगारी)।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के पावन अवसर पर नहटौर विधानसभा क्षेत्र में भव्य एवं गरिमामयी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक ओम कुमार ने सलेमपुर, हमीदपुर, चांदानंगली, मोहनपुर, नांगल जट, हल्दौर, अमहेड़ा, किशनपुर भोगन, कुंडा, शेखुपुरा लाला, सादिकाबाद सहित दर्जनों ग्रामों में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता करते हुए कार्यक्रमों का शुभारंभ किया।

विधायक ओम कुमार ने विभिन्न स्थानों पर फीता काटकर कार्यक्रमों का उद्घाटन किया। बाबा साहेब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा ग्रामवासियों के साथ केक काटकर जयंती समारोह को उत्साह, उल्लास एवं सामाजिक एकता के वातावरण में संपन्न कराया। हर गांव में



लोगों का अपार जनसमर्थन एवं उत्साह देखने को मिला, जिससे कार्यक्रम एक जनोत्सव का रूप लेता दिखाई दिया।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक ओम कुमार ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने सामाजिक न्याय, समानता एवं शिक्षा के माध्यम से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा में लाने का कार्य किया। विधायक ने कहा कि हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर शिक्षित, संगठित एवं जागरूक बनना चाहिए, तभी एक सशक्त एवं समरस समाज का निर्माण संभव है।



उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमाओं पर छत स्थापित कर उनके सम्मान को और अधिक प्रतिष्ठित किया गया है, जो उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि का प्रतीक है। साथ ही उन्होंने प्रदेश एवं केंद्र सरकार द्वारा बाबा साहेब के सम्मान में किए गए ऐतिहासिक कार्यों स्मारकों के विकास, पंचतीर्थों के निर्माण एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने वाली योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम में नरेश कुमार (चेयरमैन), चमन दहिया, गोविंद सिंह, प्रभास, पंकज चेयरमैन, सोनू कुमार, आकाश कुमार, मुकेश कुमार, मल्लही, प्रशांत कुमार, संकेश कुमार, नरेश प्रधान, हरिओम प्रधान, विष्णु कुमार, शिवम त्यागी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रद्धापूर्वक मनायी डॉ. अम्बेडकर जयंती

**बिजनौर (चिंगारी)।** कांग्रेस के स्योहारा नगर अध्यक्ष अहसन जमील ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई। इस अवसर पर वह अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ चामुंडा स्थित अंबेडकर धर्मशाला पहुंचे, जहां उन्होंने भंडारे में सहयोग करते हुए श्रद्धालुओं की सेवा की। कार्यक्रम के दौरान अहसन जमील ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों को याद किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने अपना पूरा जीवन समाज के शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया। उनका योगदान भारतीय समाज और संविधान निर्माण में अमूल्य है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस दौरान भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मौजूद सभी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने बाबा साहेब के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हरि सिंह सागर, राजवीर सिंह, फहीम, सोनू, मास्टर विजयपाल, मोनू शाने आलम, अरशद अहमद, कुमार, जोगेंद्र, जगमोहन सिंह, जोगन्द्र कुमार ,अविनाश कुमार, सोनू सिंह, चंद्रमोहन सिंह, मास्टर महिपाल सिंह, डा. वीर सिंह, गौतम कुमार, मोनू कुमार आदि उपस्थित रहे।

## बाबा साहेब ने आधुनिक भारत की नींव रखी



**बिजनौर (चिंगारी)।** तहसील सदर सभागार में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद बिजनौर व सदर तहसील जनपद बिजनौर द्वारा संयुक्त रूप से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय भीमराव अंबेडकर (बाबा साहेब) द्वारा किए गए कार्यों, सामाजिक समानता तथा शिक्षा नीति पर केंद्रित रहा। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती स्वाति चंद्रा, सचिव, DLSA द्वारा बताया गया कि बाबा साहेब ने संविधान निर्माण में एक महत्वपूर्ण और निर्णायक भूमिका निभाई। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि कानून के समक्ष सभी नागरिक समान हों और किसी के साथ भेदभाव न किया जाए। एसडीएम रितु चौधरी ने कार्यक्रम में यह बताया कि भारतीय संविधान के निर्माण में बाबा साहेब द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर आधुनिक भारत की नींव रखी गई। तहसीलदार आशीष सक्सेना द्वारा बताया गया कि आज भी भारतीय अर्थव्यवस्था और भारतीय समाज कई आर्थिक और सामाजिक समस्याओं का सामना कर रहा है। प्रवीण देशवाल चीफ लीगल डिफेंस काउंसिल ने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष और मुफ्त कानूनी सहायता पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

## बाबा साहेब के विचार आज भी प्रासंगिक- डीएम जसजीत कौर



**बिजनौर (चिंगारी)। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।**

इस अवसर पर डीएम जसजीत कौर ने कहा कि डा.भीमराव अंबेडकर ने भारतीय समाज में शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन किए। उन्होंने वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए लंबा संघर्ष किया और उनके सशक्तिकरण के लिए कार्य किया। डीएम ने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर एक समतामूलक समाज का निर्माण करना चाहिए।

कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) वान्या सिंह एवं प्रशासनिक अधिकारी उमेश विज ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन सलाहुद्दीन द्वारा किया गया। इस मौके पर कलेक्ट्रेट परिसर के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। उधर, विकास भवन परिसर में भी बाबा साहेब की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई।



मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उपयुक्त मनरेगा आर.बी. यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी जागेश्वर सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित कई अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रामपुर सांसद ने किया मदरसे का दौरा

## कहा-दीनी और दुनियावी, दोनों तालीम जरूरी



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** रामपुर लोकसभा के सांसद मौलाना मोहिबुल्ला कासमी ने नगर स्थित मदरसा फैजुल उलूम का दौरा किया। उनके पहुंचने पर मदरसे के मोहतमिम बुजुर्ग आलिम-ए-दीन मौलाना शफीक अहमद कासमी ने उनका खैरमकदम किया। इस दौरान मौलाना शफीक अहमद कासमी ने बताया कि यह मदरसा सन् 1957 से दीनी खिदमात अंजाम दे रहा है। मदरसे में तलबा (छात्र) और तालिबात (छात्राओं) के लिए अलग-अलग तालीम का इंतजाम किया गया है।

सांसद मौलाना मोहिबुल्ला कासमी ने मदरसे की सफाई, इंतजाम और खास तौर पर तालिबात की तरबियत को देखकर खुशी का इजहार किया और मदरसे की तरक्की के लिए दुआएं दीं। उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में बड़े मदरसों के साथ-साथ छोटे-छोटे मकातिब का कायम होना बेहद जरूरी है, ताकि ज्यादा से ज्यादा बच्चों तक तालीम पहुंच सके। उन्होंने कहा कि आज के हालात में ऐसे इदारे वक्त की अहम जरूरत हैं, जहां दीनी और दुनियावी तालीम एक साथ दी जाए। इस मौके पर मौलाना असद रहीमी, मौलाना साजिद कासमी, युवा नेता शेख मोहम्मद जैद, कारी जमशेद आलम, कारी शकील फैजी, कारी वकील अहमद, कारी इम्तियाज, कारी जियाउर्रहमान, कारी नईम अहमद, शाहिद चमोला, कारी हबीबुल्ला समेत कई लोग मौजूद रहे।

# ईश्वर अपने भक्तों को कभी विपत्ति में नहीं देख सकते- शिवानंद महाराज

**गंज ( चिंगारी )।** महात्मा विदुर की पावन भूमि विदुर कुटी के मंदिर प्रांगण में वृंदावन निवासी स्वामी शिवानंद महाराज द्वारा श्रीमद् भागवत कथा की ज्ञान गंगा का प्रवाह गत चार दिनों से हो रहा है। कल मंगलवार को कथा के चौथे दिन शिवानंद महाराज ने भगवान के भक्तों ध्रुव व प्रहलाद की कथा सुनाते हुए कहा कि ईश्वर अपने भक्तों को कभी विपत्ति में नही देख सकते, सदैव अपने भक्तों के दुख को दूर करते हैं। साथ ही मनुष्य की ईश्वर के प्रति अडिग श्रद्धा तथा विश्वास ही मनुष्य को दुखों से दूर रखती है। भागवत ज्ञान गंगा के चौथे दिन धर्मपाल सिंह, राजपाल सिंह, बृजेश, सुदेश देवी, सत्यवती, यशपाल, बबीता देवी, रीता देवी,गीता देवी, मास्टर ओंकार सिंह, जेवी गुप्ता, मगन सिंह कश्यप, कौशल शरण अग्रवाल, राजेश श्रीवास्तव, गौरव जोशी, सुक्खे भगत सहित सैकड़ों भक्तों ने श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया।

# डीजे की आवाज़ कम करने को लेकर हुआ हंगामा



जुलूस में शामिल युवकों एवं पुलिसकर्मियों के बीच होती नोकझोंक।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** कासमपुर गढ़ी व सीरवासुचंद में अंबेडकर जयंती की निकाली जा रही शोभायात्रा जैसे ही दोनों गांवों के संयुक्त मुख्य बाजार में पहुंची तो सुरक्षा ड्यूटी में तैनात एक सिपाही द्वारा डीजे की आवाज कम करने को लेकर जुलूस में शामिल कुछ युवक उक्त पुलिसकर्मी से भिड़ गए। उनके बीच काफी देर तक तीखी नोकझोंक हुई, जिसे लेकर श्रद्धालुओं ने जुलूस को वहीं रोक दिया और नारेबाजी करते हुए आवाज कम न करने पर अड़ गए, जबकि जुलूस में ही शामिल कुछ श्रद्धालुओं ने डीजे की हो रही अत्यधिक आवाज और तेज धमक को कम कर लेने और जुलूस को आगे बढ़ाने की युवकों से काफी कोशिशें कीं। देर तक हुई नोकझोंक के बीच आखिरकार जुलूस को आगे बढ़ाने पर सहमति बनी तो इत्तेफाक से गाड़ी पर रखा डीजे ही खराब हो गया। इसी बीच जुलूस में शामिल युवक इस जिद पर अड़ गए कि जब डीजे चलेगा, तभी जुलूस को आगे ले जाया जाएगा। मामले की सूचना पाकर थानाध्यक्ष अफजलगढ़ विजेंद्र सिंह राठी मौके पर पहुंचे। उनके द्वारा समझाने-बुझाने के बाद जुलूस को आगे बढ़ाया गया।

# डा. अंबेडकर थे महान, बोले शेरबाज़ पठान

## जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की



**चांदपुर ( चिंगारी )।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की135वीं जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। पूर्व पालिकाध्यक्ष एवं वरिष्ठ आसपा नेता शेरबाज पठान ने समर्थकों के साथ नगर स्थित बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर पहुंचकर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया तथा बाद में क्षेत्र के ग्राम रतनगढ़, अकौधा, रतनपुर खुर्द, चौधेड़ी, बमनोला, जलीलपुर, रायपुर, दतियाना, बेरखेड़ा आदि विभिन्न गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। इस अवसर पर मोहम्मद अरशद, अदनान, अनीस अहमद, सोनू सरदार, ईश्वर दयाल, सलीम अकबर, फहीम अल्वी, जाने आलम, विपिन कुमार, नफीस, अलीम, शिवचरण, इंतजार चांदपुरी, अफील सरफराज, कृष्ण देव प्रधान, अनीस प्रधान, साजिद प्रधान, वीरेंद्र प्रधान, टिंकू प्रधान, शमशेर, इरशाद, अकरम, काजिम फरहत, केसरी, अमीर हसन, जुबेर, इफ्तिखार, बिलाल, जावेद, नरेंद्र, शमशाद सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शेरकोट में हर्षोल्लास से मनाया गया डा. अंबेडकर का जन्मोत्सव



मुहल्ला फतेहनगर स्थित अम्बेडकर धर्मशाला में केक काटते विवेक सेन और अन्य युवक।

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नगर व ग्रामीण क्षेत्र में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 135 वां जन्मदिवस हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बाबा साहेब को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी गई और कई स्थानों पर शोभायात्रा निकाली गई।

इस मौके पर मंगलवार को कांग्रेस कार्यालय पर एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके कार्य को याद करते हुए संविधान की रक्षा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में हाफ़िज़ शद्दन, महफूज अहमद, डॉ. वेदप्रकाश शर्मा, फुरकान महमूद अंसारी, मु. शाहिद, नाजिम जबीं अंसारी, शेख निजामुद्दीन, सुमित अग्रवाल, डा. इकबाल आदि ने भाग लिया।

मुहल्ला समना सराय स्थित अम्बेडकर धर्मशाला में जयंती श्रद्धापूर्वक मनाते हुए चामुंडा देवी स्थल से मुहल्ले में शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें युवाओं, महिलाओं सहित काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर रणजीत सिंह दारा ने बाबा साहेब के जीवन और संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला। देर शाम मोहल्ला फतेहनगर स्थित अंबेडकर धर्मशाला में अम्बेडकर युवा संघ के बैनर तले युवाओं ने केक काटकर बाबा साहेब का जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर आसपा नेता विवेक सेन, मौ. शादाब, सलम नवाज, शहजाद अहमद, अनिल कुमार, सागर कुमार, आकाश कुमार, राजीव कुमार, संदीप कुमार, शिवम कुमार, आदित्य कुमार, यश कुमार, अंकुश कुमार, चमन सिंह आदि उपस्थित रहे। वहीं अम्बेडकर जयंती पर क्षेत्र के ग्राम हरेवली, शहजादपुर, बाजीदपुर, छीबरी, धुराडा, नयागांव में परम्परागत ढंग से शोभायात्रा निकाली गई।



कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि देते कांग्रेस कार्यकर्ता

# डॉ. अम्बेडकर की जयंती पर विधायक हाजी तसलीम ने किया स्मृति द्वार का उद्घाटन



नजीबाबाद (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आव्हान पर भारतीय संविधान के निर्माता, भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम अहमद ने सभी सेक्टरों में जयंती कार्यक्रम आयोजित किये। उन्होंने रानीकोटा पहुंचकर बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब भारतीय 14 अप्रैल को संविधान के मुख्य निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती मना रहे है। बाबा साहब ऐसे महापुरूष थे, जिन्होंने संविधान के माध्यम से यह सुनिश्चित किया कि जाति, धर्म या लिंग के आधार पर किसी के साथ भेदभाव न हो। बाबा साहब की जयंती के मौके पर विधायक हाजी तसलीम अहमद ने नगीना रोड पर अपनी विधायक निधि से निर्मित डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति द्वार का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर सपा के विधानसभा अध्यक्ष नईम मकरानी, जिला पंचायत सदस्य रफी अंसारी, ग्राम प्रधान रानीकोटा महताब अहमद, जाहिद अंसारी, फुरकान मकरानी, नितिन कश्यप, पवन कुमार, अनूप जोशी, बलवीर सिंह, लाल सिंह, नरेश कुमार, विजय प्रधान, राजेश, रोहिताश, चरण सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सिद्धबली कॉलोनी में मनाई गयी अंबेडकर जयंती

नजीबाबाद (चिंगारी)। डॉ. भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति जनजाति जन कल्याण समिति सिद्धबली विहार के तत्वावधान में कॉलोनी में बाबा साहब की 135 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला शक्ति द्वारा केक काटकर व पुष्पमाला अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में सभी वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए बाबा साहब के विचारों को अपनाने की बात कही। प्रमुख वक्ताओं में श्रीमती उष्मा कशेरवाल, श्रीमती भुवनेश्वरी, श्रीमती हेमलता, इंद्रबंधु शास्त्री, राकेश कुमार प्रधानपति, प्रोफ़ेसर जेपी गुप्ता, प्रोफेसर मनोज कुमार व धनीराम ने अपने विचार रखे। समिति के अध्यक्ष रामनाथ सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, व्यवस्थापक राम भरोसे सिंह एवं शेर सिंह का विशेष सहयोग रहा। श्रीमती अनीता श्रीमती, अमरजीत, श्रीमती सुनीता देवी, श्रीमती सुनीता आर्य, श्रीमती इंदु वर्मा, श्रीमती सीमा, श्रीमती रूबी, श्रीमती कुसुम देवी, श्रीमती सरोज बाला, श्रीमती राखी, श्रीमती रचना, श्रीमती सरिता देवी, श्रीमती रिंकल अग्रवाल, प्रवीण कुमार, मेघनाथ सिंह, कुशलपाल सिंह, अमर सिंह जिला पंचायत सदस्य, मुन्ने सिंह, संजीव कुमार, अरविंद गौतम, रामनाथ सिंह अध्यापक, निरंजन कुमार, पवन कुमार, परविंदर सिंह, धर्मेंद्र भूषण आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता डॉ. जितेंद्र कुमार ने किया।



# संविधान एक दस्तावेज नहीं अपितु एक मार्गदर्शक है: प्रो. रविन्द्र आर्य

नजीबाबाद (चिंगारी)। समाजसेवा व राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित सत्यार्थ ग्रुप ऑफ़ इंडिया द्वारा चेयरमैन एवं मुख्य संयोजक आर्य रत्न डॉ. सौरभ आर्य के संयोजन में अम्बेडकर जयंती संविधानिक समाजिक कर्तव्य एवं अधिकार विषय पर दा सत्यार्थ संवाद लाइव सेशन शो तृतीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग इवैंट सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इवैंट चंद्रकिरण वर्मा देहरादून की अध्यक्षता व सत्यार्थ ग्रुप ऑफ़ इंडिया के मुख्य संरक्षक सुशील भाटिया चंडीगढ़ के सानिध्य में हुआ। इवैंट को मुख्य अतिथि के रूप में एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट इंडिया के चेयरमैन डॉ. जगदम्बा प्रसाद सिंह ने संबोधित करते हुए कहा अम्बेडकर जयंती हमे समानता, स्वतंत्रता व न्यायपूर्ण ढंग से गरिमा पूर्ण जीवन जीने के लिए प्रेरित करती है। हरिद्वार यूनिवर्सिटी रूड़की के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रविन्द्र आर्य ने कहा कि अंबेडकर जयंती एक विचारधारा पर चलने के लिए हमें प्रेरणा देती है। इंपीरियल इंटरनेशनल स्कूल नजीबाबाद की एसोसिएट प्रिंसिपल एवं डायरेक्टर एकेडमिक डॉ. अंजना राजपूत ने अंबेडकर जयंती पर बाबा साहब को नमन करते हुए कहा कि संविधान का ज्ञान बाल्यकाल से ही शिक्षण संस्थानों में उदाहरण सहित दिया जाना अनिवार्य है। कार्यक्रम में न्यायालय देहरादून से वरिष्ठ विद्वान अधिवक्ता मदनपाल कंबोज, पटना (बिहार) से लालू कुमार, जम्मू-कश्मीर से भारत भूषण परिहार, डीआरडीओ रक्षा मंत्रालय भारत सरकार से रिटायर्ड टेक्निकल ऑफिसर जगदीश कुमार देहरादून, इवैंट मैनेजर वंशिका वर्मा, पर्यावरणविद् सुदेश काम्बोज देहरादून, हर्षित ने भी समाजिक कर्तव्य एवं अधिकार विषय पर व्याख्यान दिया।

# अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई

नजीबाबाद (चिंगारी)। अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस के अवसर पर फायर स्टेशन नजीबाबाद में शहीद अग्निशमन कर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वर्ष 1944 में मुंबई बंदरगाह पर हुए भीषण अग्निकांड में शहीद हुए 66 अग्निशमन कर्मियों की स्मृति में प्रति वर्ष यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर अग्निशमन केंद्र नजीबाबाद के प्रभारी केएस जादौन के नेतृत्व में फायर स्टेशन परिसर में परेड का आयोजन किया गया। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शहीदों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी जनपद बिजनौर राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत एक जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली के दौरान अग्निशमन विभाग की टीम ने आमजन को पंफलेट वितरित कर आग से बचाव के उपायों की जानकारी दी। साथ ही आग लगने की स्थिति में सावधानी बरतने व तुरंत फायर सर्विस को सूचना देने की अपील की। लोगों को यह भी जागरूक किया गया कि आपात स्थिति में फायर ब्रिगेड के वाहनों को तत्काल रास्ता उपलब्ध कराएं। कार्यक्रम में बिजेन्द्र कुमार, सुधीर कुमार, संजीव, दीपक कुमार, राजू सागर, नीरज कुमार, राकेश राणा, नदीम, रोहताश, हिमांशु, अंकित, राहुल शर्मा, विजय कुमार एवं अमरनाथ सहित समस्त फायर स्टेशन स्टाफ उपस्थित रहा।



शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते अग्निशमन अधिकारी केएस जादौन।

# रिटायर्ड फौजी, ब्राह्मण महिला व खिलाड़ियों को सम्मानित किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। अपना दल एस के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में बाबा साहब की जयंती भव्य रूप से मनाई गई। इस मौके पर रिटायर्ड फौजी, ब्राह्मण महिला व खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष वकील अहमद ने बाबा साहब के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समानता, शिक्षा व अधिकार ही समाज की असली ताकत हैं, इन्हीं मूल्यों को अपना दल (एस) आगे बढ़ा रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम को विशेष बनाते हुए रिटायर्ड फौजी, ब्राह्मण समाज की महिलाओं एवं प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए समाज के हर वर्ग को जोड़ने का सशक्त संदेश दिया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा तथा सभी ने इसकी सराहना की। साथ ही नरेश कश्यप, आरिफ, नूर अहमद, बाबन, फैज़, जुबैर अहमद सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की प्रतिमा/चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# भाजपाइयों ने बाबा साहब का 135वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने मौहल्ला जाब्तागंज स्थित रविदास मंदिर प्रांगण मे संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर का 135 वां जन्मोत्सव कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मुख्यअतिथि भाजपा की प्रांतीय पार्षद लीना सिंघल ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर बाबा साहेब के बताए रास्ते पर चलने के लिए समाज के सभी वर्गों से निवेदन किया। उन्होंने कहा कि जिसने हमें हमारे हक के लिए एक समान खड़ा होने एवं भेदभाव मिटाने का बलिदान दिया उनके बलिदान से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शीशराम सिंह के पुत्र दुष्यंत कुमार, भाजपा के सेक्टर संयोजक चांद कुमार, भाजपा जिला मंत्री गायत्री निराला, ओम प्रकाश, जिला पंचायत सदस्य अमर सिंह, सत्यम कुमार, बूथ अध्यक्ष सतीश भुईयार, सभासद ऋषिपाल सिंह, कोमल हल्दिया सहित काफी कार्यकर्ता ने मंदिर प्रांगण में बाबा साहब का जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया।






# अंबेडकर जयंती पर निकले जुलूस, माहौल रहा पुरखुलूस

## हर्षोल्लास के साथ मनाई गई भारत रत्न डॉ. अंबेडकर की 135वीं जयंती

**स्योहारा (चिंगारी)।** नगर तथा आसपास के क्षेत्र में बाबा साहेब की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गयी। इस मौके पर सामुदायिक चिकित्सा केंद्र प्रभारी के नेतृत्व में कर्मचारियों के द्वारा बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनायी गई। इस मौके पर थाना क्षेत्र में स्थित अंबेडकर की 34 मूर्तियों पर माल्यार्पण किया गया। 20 स्थानों पर शोभायात्रा निकाली गयी और 23 स्थान पर प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर अंबेडकर जी के बताए गए मार्ग पर चलने की प्रतिज्ञा पुष्पांजलि अर्पित करने वाले लोगों के द्वारा ली गई।



**नांगल सोती (चिंगारी)।** क्षेत्र में दलितों, वंचितों, शोषितों के मसीहा, भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनायी गयी। कई गांवों में इस अवसर पर जुलूस निकाले गये। ग्राम तिसोतरा में झांकियों एवं अखाड़े के साथ शानदार जुलूस निकाला गया। अखाड़े में खिलाड़ियों ने शानदार करतब दिखाये। जुलूस में दिनेश एड., अनिल कुमार, नितेश कुमार, संदीप कुमार, डालचंद, मोनू, तेजराम सिंह, भजन सिंह, सौरभ कुमार, डा. अरुण कुमार, चंद्रपाल सिंह, सत्यपाल सिंह, वेदपाल, उमेश कुमार, जागन सिंह, धर्मवीर सिंह सहित काफी ग्रामीण शामिल रहे। ग्राम चंदोक में अखाड़े का जुलूस धूमधाम से निकाला गया तथा देर शाम को केक काटकर बाबा साहेब को नमन किया गया। जसराम सिंह, चंद्रमोहन उर्फ गोल्टी, पुनीत राज, धर्मेन्द्र मिस्त्री, सतेन्द्र, वीर सिंह आदि सम्मिलित रहे। ग्राम गौसपुर में निकाले गये जुलूस में राजवीर सिंह, दिनेश, ओमपाल, अभिषेक, राजीव आदि मौजूद रहे। इसके अलावा क्षेत्र के गांवों कामराजपुर, पूंडरी कलां, अभिपुरा, जालपुर में भी जुलूस निकाले गये।

## डा. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई

**स्योहारा (चिंगारी)।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती व्यापारी नेता अरुण कुमार वर्मा के प्रतिष्ठान पर हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। कार्यक्रम में अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अरूण वर्मा ने कहा कि आज हम स्वतंत्र देश में स्वतंत्र विचारों से रहते हैं, इसके लिए बाबा साहेब की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल एवं राष्ट्रीय संरक्षक अरुण कुमार वर्मा, जिला अध्यक्ष एवं मंडल मंत्री भाजपा अमित कुमार वर्मा, मंडल अध्यक्ष नीरज राणा, मंडल महामंत्री महेंद्र सिंह सैनी, सुरेंद्र सैनी, पंडित शरनजीत जोशी, शक्ति केंद्र संयोजक मनुज वर्मा, कपिल वर्मा, प्रियांशु वर्मा, कनिष्क वर्मा, अंश वर्मा, चिंटू वर्मा, शोभित वर्मा, मोहित वर्मा, रोहित वर्मा, पारस वर्मा, मणि वर्मा, संजीव गर्ग, अश्वनी विश्नोई, आदित्य कुमार, अक्षय वर्मा, पीयूष रस्तोगी, मोहित रस्तौगी, बूथ अध्यक्ष महेंद्र सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।



## रौनक खत्री का किरतपुर में भव्य स्वागत



**किरतपुर (चिंगारी)। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (एनएसयूआई) के पूर्व अध्यक्ष रौनक खत्री का कल मुस्लिम इंटर कॉलेज किरतपुर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।**

कार्यक्रम में सर्वप्रथम बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम की शुरूआत छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुई। मुख्य अतिथि रौनक खत्री ने अपने संबोधन में कहा कि देश में क्रांति तभी आएगी, जब युवाओं की आवाज बुलंद होगी। युवाओं को चाहिए कि वह किसी न किसी संगठन से जुड़ें, क्योंकि संगठन में ही शक्ति है। रौनक खत्री ने आगे कहा कि आज का दिन बहुत ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि आज हम डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मना रहे हैं। समानता को अधिकार देने वाले बाबा साहेब के द्वारा देश के विकास में जो योगदान दिया गया है, उसे भूलाया नहीं जा सकता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आसपा के युवा नेता मुदस्सिर जमा खां ने कहा की रौनक खत्री का हमारे बीच आना बहुत बड़ी बात है। वह हमेशा छात्र हित की बात करते हैं। कार्यक्रम को योगी जलालपुर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता वसीम अहमद, एडवोकेट हसन अली चौधरी, मोहम्मद कैफ, सदर शेख, रामिश खान, अफ़नान खान आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर आयोजक मोहम्मद जईम सिद्दीकी, अफ़नान खान, अजीम राजा, मोहम्मद जैद, आइस खान, अरहम खान, अब्दुल मन्नान, मोहम्मद उमर, सदर शेख आदि ने नगर के गणमान्य नागरिकों व पत्रकारों को पगड़ी पहनाकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य मोहम्मद हारुन ने की, जबकि संचालन शब्बन जुनैदी ने किया। अंत में मोहम्मद जईम आदि ने सबका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में रौनक खत्री द्वारा कॉलेज के प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया गया।

## पुन: प्रदेशाध्यक्ष बनने पर बधाई दी



**नई दिल्ली (चिंगारी)।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा में संगठनात्मक महत्वपूर्ण नियुक्तियां उत्कृष्ट नेतृत्व, समर्पण एवं समाजसेवा के प्रति निष्ठा का प्रतीक हैं। राष्ट्रीय मंत्री डॉ. मनोज कटारिया ने गुजरात के प्रदेशाध्यक्ष बने मोहन भाई गिरधर भाई पटेल की पुन: नियुक्ति पर उनके उज्जवल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं एवं राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए नई जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए उनके उत्तम स्वास्थ्य, सफलता एवं ऊर्जा प्रदान करने की कामना की है। डॉ. मनोज कटारिया ने कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारियों का अनुभव, संगठन क्षमता एवं समाज के प्रति समर्पण से संगठन को मजबूती एवं समाज हित में बल मिलेगा और साथ ही कुशल नेतृत्व में अखिल भारतीय गुर्जर महासभा ऊंचाइयों को छूकर समाज के बीच एक नई ऊर्जा का संचार करेंगी।

## नूरपुर में फौजिया रानी इमेजिंग व चाइल्ड हॉस्पिटल का उद्घाटन



**नूरपुर (चिंगारी)।** नगर के आंखों के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. फुरकान अहमद के पुत्र बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. फैजुल फुरकान अंसारी व उनकी पत्नी रेडियोलॉजिस्ट समरीन शाहिद के चांदपुर तिराहा स्थित फौजिया रानी इमेजिंग व चाइल्ड हॉस्पिटल का उद्घाटन डॉ. प्रशान्त कुमार (एम्स ऋषिकेश)ने फीता काटकर किया। डॉ. फैजुल फुरकान अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके अस्पताल में नवजात बच्चों के लिए NICU, वार्मर, वेंटिलेटर व समय से पहले जन्मे बच्चों का इलाज व पीलिया से पीड़ित बच्चों के लिए फिजियोथेरेपी की व्यवस्था तथा डिजिटल एक्स-रे, आधुनिक अल्ट्रासाउंड, खून की जांच आदि की व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम में नगर के चिकित्सक व बाबू प्रधान, हाजी वकार अहमद, ग्राम प्रधान पीपला जागीर, शाह आलम मलिक, डॉ. नफ़ीस गुलरेज अंसारी, तकदीस गुलरेज अंसारी आदि उपस्थित रहे। अंत में आई स्पेसलिस्ट डॉ. फुरकान अहमद व डॉ. फैजुल फुरकान अंसारी ने सभी आगन्तुकों का आभार प्रकट किया।

## हीमपुर दीपा में निकली भव्य शोभायात्रा

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ के तत्वावधान में संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विशाल शोभायात्रा का आयोजन हुआ। हीमपुर दीपा रतनपुर खुर्द स्थित रविदास धर्मशाला पर आयोजित कार्यक्रम में शेरवाज पठान मुख्य अतिथि रहे। शोभायात्रा में अनेक झांकियां थीं, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। इस दौरान अखाड़े के खलीफा मुनेश्वर सिंह व मगन सिंह के दिशा निर्देशन में गांव के युवक विभिन्न करतबों का प्रदर्शन करते चल रहे थे। जयपाल सिंह के नेतृत्व में शोभायात्रा हीमपुर दीपा बस स्टैंड, थाना रोड और रतनपुर खुर्द के आम रास्तों से होते हुए धर्मशाला पर पहुंची, जहां शोभायात्रा का समापन किया गया। रालोद के जिला महामंत्री सुरेंद्र सिंह निंदना ने फूलमाला पहनाकर और रतनपुरखुर्द गांव के ग्राम प्रधान पद के भावी प्रत्याशी अनिल सिंह ने जेसीबी पर खड़े होकर पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा में मा. उमेश चंद, सचिन. डा. राहुल सिंह, मनोज, अक्षय, रजत, विकी, दीपक, संदीप आदि मौजूद रहे।

## बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करें - प्रशांत महासागर

**नांगल सोती (चिंगारी)।** भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष प्रशांत महासागर ने अंबेडकर जयंती पर दर्जनों गांवों में पहुंचकर बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने की पुरजोर अपील की। प्रशांत महासागर ने नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के गांवों महावतपुर, गढ़मलपुर, मौज्जमपुर सादात, पूरनपुर गढ़ी, बिजौरी, इस्सेपुर, जहानाबाद, अकबरपुर चौगावां, लुकादड़ी, मुस्सेपुर, समीपुर, खालापार आदि का दौरा कर अंबेडकर जयंती के कार्यक्रमों में प्रतिभाग करते हुए बाबा साहेब को नमन किया। उन्होने कहा कि कबीरदास जी ने कहा था 'विद्या बिना मति गई, मति बिना नीति गई। नीति बिना गति गई , गति बिना वित्त गया। वित्त बिना शूद्र दबा, इतने अनर्थ एक अविद्या ने किया।' इस सोच को महात्मा ज्योतिबा फुले जी ने समाज में लागू करने का प्रण लेकर शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया। बाबा साहेब ने भी कहा है 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो'। हम सबको आगे बढ़ना है, तो महापुरुषों के इन विचारों को आत्मसात करना होगा। वरिष्ठ आसपा नेता एवं नजीबाबाद के चेयरमैन इंजी. मुअज़्ज़म ने भी सभाओं को संबोधित कर लोगों से बाबा साहेब के सिद्धांतों का अनुसरण करने की अपील की।

# करंट की चपेट में आकर महिला की दर्दनाक मौत

शेरकोट ( चिंगारी )। घर में काम कर रही महिला की करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। अचानक इस हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया और मुहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह स्थानीय मुहल्ला फतेहनगर निवासी हरपाल सिंह की पत्नी वैजंती देवी ( 55 वर्ष ) अपने घर में काम कर रही थी। इस दौरान वह इलेक्ट्रिक रॉड से गर्म हो रहे पानी से भरी लोहे की बाल्टी के सम्पर्क में आ गई और तेज करंट लगने से बेहोश होकर गिर पड़ी। घटना के समय घर में मौजूद हरपाल सिंह द्वारा शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और वैजंती देवी को लाइट बंद कर वहां से उठाया। महिला को तत्काल धामपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में उपचार हेतु ले जाया गया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका वैजन्ती देवी के केवल एक अविवाहित पुत्र बताया जाता है, जो रोजगार के सिलसिले में केरल ब्रुश कारखाने मे काम करने गया हुआ था। परिजनों के अनुसार घटना की सूचना दिये जाने पर मृतका का इकलौता पुत्र जितेन्द्र देर रात केरल से घर पहुंचा। बुधवार को गमगीन माहौल में वैजन्ती देवी का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस घटना से परिवार में कोहराम और मुहल्ले में शोक का माहौल है।


मृतका का फाइल फोटो

# किरतपुर में रोडवेज बस स्टैंड के लिए जमीन की तलाश कर ली गई



किरतपुर ( चिंगारी )। समाजसेवी एडवोकेट तलहा मकरानी के नेतृत्व में जनहित में, परिवहन विभाग से लम्बी मांग किरतपुर में रोड बस अड्डे की पिछले वर्ष 1 अगस्त 2025 में मंजूर हो गई थी। परिवहन निगम के अधिकारियों ने प्रशासन को पत्र लिखकर निःशुल्क जमीन उपलब्ध कराने के लिए पत्र लिखा था 9 माह उक्त मांग के बीत जाने के बाद भी प्रशासन स्तर पर भूमि की तलाश नहीं हो पाई। इस बीच अपनी कार्यशैली के चलते हुए समाजसेवी तलहा मकरानी ने पहले रोडवेज बस अड्डा मंजूर कराया था, कराई थी अब भूमि की भी तलाश कर ली गई, भूमि मौजा तकबुर इसरार खेड़ी, खाता संख्या 278 गाटा संख्या 382 तहसील नजीबाबाद परगना नजीबाबाद जनपद बिजनौर में स्थित है। 13 अप्रैल 2026 को समाजसेवी तलहा मकरानी के नेतृत्व में जिलाधिकारी बिजनौर से एक प्रतिनिधिमंडल ने भेंट कर रोडवेज बस स्टैंड अड्डा हेतू मांग-पत्र दिया, जिस पर जिलाधिकारी ने जमीन की जांच कर शासन को संस्तुति भेजने की बात कही है। अब शासन, व परिवहन विभाग को तलाश की गई भूमि का चयन हो जाता है तो किरतपुर में शीघ्र ही रोडवेज बस अड्डा बन जायेगा और समाजसेवी तलहा मकरानी एडवोकेट की किरतपुर नगर को सहूलियत और आराम दिलाने की एक और उपलब्धि जुड़ जायेगी। प्रतिनिधिमंडल में समाजसेवी तलहा मकरानी एडवोकेट, जैद बैग एडवोकेट, अमर हरी गुप्ता एडवोकेट, जूनियर आलम एडवोकेट, एवं इंटरनेशनल एडवोकेट ऑर्गेनाइजेशन जिला महासचिव फहीम अख्तर एडवोकेट, संजय एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

# मुकुल जैन एडवोकेट लगातार, जैन मिलन के अध्यक्ष चुने गये चौथी बार

## संजय जैन बने मंत्री



बिजनौर ( चिंगारी )। जैन मिलन की बैठक कल सायं जैन धर्मशाला के सभागार में अध्यक्ष मुकुल जैन एडवोकेट की अध्यक्षता तथा राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रदीप कुमार जैन के सानिध्य में हुई। महावीर प्रार्थना के बाद बैठक की पिछली कार्यवाही प्रस्तुत की गई। प्रदीप कुमार जैन ने आगामी वर्ष की योजनाओं से अवगत कराने के साथ ही बिजनौर शाखा का वर्ष भर का आय-विवरण प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में आगामी वर्ष के लिये मुकुल जैन एडवोकेट को लगातार चौथी बार अध्यक्ष चुनने के बाद संजय जैन (वर्धमान फोटो स्टेट) को मंत्री चुना गया। इस बैठक में प्रथम बार उपस्थित श्री सोहनलाल जैन का माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया। बैठक में इंजी. ब्रजेश कुमार जैन, रितु जैन, दीपराज जैन एडवोकेट, स्नेह लता जैन, संजय जैन, प्रदीप कुमार जैन, डा. उषा जैन, सोहन लाल जैन, प्रतीक जैन तथा अशोक कुमार जैन (हुक्का बिजनौरी) ने विचार, प्रेरक प्रसंग, मनोरंजक टिप्पणियां, कविताएं भजन आदि प्रस्तुत किये।

# अंडर 23 क्रिकेट ट्रायल 18 को बिजनौर में

बिजनौर ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसएशन के तत्वावधान में बिजनौर क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा जिला बिजनौर के अंडर 23 वर्ग के क्रिकेट खिलाड़ियों के ट्रायल 18 मार्च को नेहरू स्टेडियम में आयोजित किये जायेंगे। क्रिकेट कोच नागेंद्र सारस्वत और बीसीए के मीडिया प्रभारी मानव सचदेवा के अनुसार जिन खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया हुआ है, उन्हीं खिलाड़ियों का ट्रायल 18 अप्रैल को सायं 4.00 बजे से होगा। खिलाड़ियों को क्रिकेट किट में आना आवश्यक है। अपने आधार कार्ड और अंकतालिका की मूल प्रति व रजिस्ट्रेशन की रसीद लाना आवश्यक है।

# चौ. सुधीन्द्र ने सरकार की उपलब्धियां गिनाई


ग्रामीणों में पत्रक वितरित करते वरिष्ठ भाजपा नेता चौ सुधीन्द्र सिंह।

चांदपुर ( चिंगारी )। भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री चौ. सुधीन्द्र सिंह ने क्षेत्र के अनेक गांवों में ग्रामीणों को केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। ग्राम रतनगढ़ में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उसके बाद बस्ती में जनसंपर्क किया गया तथा पत्रक वितरित किये। अनुसूचित समाज के लोगो को जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने बाबा साहेब का सम्मान किया है, जबसे भाजपा की सरकार केंद्र व विभिन्न प्रदेशों में जनता ने बनाई है तबसे बाबा साहेब के सम्मान में पंच तीर्थ बनाये गये। भारत का आनलाइन पेमेंट एप भीम एप के नाम से बनाया,1990 में भाजपा समर्थित वीपी सिंह की सरकार ने भारत रत्न से सम्मानित किया। कार्यक्रम में नरेंद्र सिंह मंडल महामंत्री, तेज सिंह, सौरभ चौधरी, सुनील सैनी, मनीष ठाकरान और रतनगढ़ अंबेडकर स्मारक समिति के अध्यक्ष पवन कुमार तथा सम्मानित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# नेत्रहीन व्यक्ति के घर में लगी आग, सामान जलकर राख



शेरकोट ( चिंगारी )। मंगलवार की दोपहर नेत्रहीन व्यक्ति के घर में लगी आग से हजारों रूपए का सामान जलकर राख हो गया। आसपास के लोगों द्वारा कड़ी मशक्कत कर आग को बुझाया गया। जानकारी के अनुसार काफी समय पूर्व अपनी आंखों की रोशनी गंवा चुके ग्राम रामसहायवाला निवासी नज़ाकत हुसैन अपनी बहन महशर के साथ रहते हैं। बताया जाता है कि कल दोपहर खाना बनाने के बाद महशर अपने नाबीना भाई को घर छोड़कर किसी काम से शेरकोट आ गई। इस दौरान चूल्हे की राख से उठी चिंगारी से पास में रखी लकड़ियों ने आग पकड़ ली। कुछ ही देर में आग ने पास में रखे अन्य सामान को भी अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। इस बीच लपटे और धुआं देखकर आये आसपास के लोगों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया, परंतु तब तक हजारों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते आग लगने का पता ना लगता तो घटना बड़ा रूप ले सकती थी।

# हस्तिनापुर साहित्य उत्सव में शिक्षक सुरेंद्र सिंह की पुस्तक का विमोचन

हरेवली ( चिंगारी )। महाभारतकालीन ऐतिहासिक नगरी हस्तिनापुर में आयोजित भव्य हस्तिनापुर साहित्य उत्सव 2026 के अवसर पर शिक्षा, संस्कार और नवाचार को समर्पित एक महत्वपूर्ण क्षण देखने को मिला, जब विकास क्षेत्र के रचनात्मक व सांस्कृतिक गतिविधियों को समर्पित शिक्षक सुरेंद्र सिंह द्वारा लिखित बाल साहित्य एवं नैतिक मूल्यों पर आधारित पुस्तक 'उजाले की ओर' का लोकार्पण देश के प्रख्यात चिंतक एवं केरल के पूर्व राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान तथा संत समाज के प्रतिष्ठित आचार्य स्वामी कर्मवीर के करकमलों द्वारा किया गया। यह आयोजन हंसापुर, बहसूमा रियासत क्षेत्र में बड़े ही गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें देशभर से आए साहित्यकारों, शिक्षाविदों और गणमान्य व्यक्तियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। पुस्तक का उद्देश्य और महत्व 'उजाले की ओर' पुस्तक में बाल नवाचार, नैतिक शिक्षा और संस्कारों के समन्वय के माध्यम से नई पीढ़ी को सकारात्मक दिशा देने का प्रयास किया गया है। लेखक सुरेंद्र सिंह ने अपने अनुभवों और शिक्षण दृष्टिकोण के आधार पर बच्चों में रचनात्मकता, अनुशासन और मानवीय मूल्यों के विकास पर विशेष बल दिया है। पुस्तक की भूमिका अंतराष्ट्रीय हिंदी सेवी व प्रख्यात लेखक डॉ. यतीन्द्र कटारिया द्वारा लिखी गई है।



# नाबालिग छात्रा के साथ चाकू की नोक पर सामूहिक दुष्कर्म

## पीड़िता की मां ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठाये सवाल

**बिजनौर (चिंगारी)।** थाना मण्डावली क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग छात्रा के साथ डरा-धमकाकर सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना-पत्र देकर पुलिस पर आरोपियों से मिलीभगत और मामले को दबाने का गंभीर आरोप लगाया है। छात्रा की मां ने बताया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री गांव के ही एक इंटर कॉलेज में कक्षा 9 की छात्रा है। आरोप है कि उसी स्कूल में पढ़ने वाले छात्र शिवम ने पूर्व में छात्रा को स्कूल के कमरे में बंधक बनाकर उसके आपत्तिजनक फोटो खींच लिए थे। 26 मार्च की रात को आरोपी ने फोटो वायरल करने की धमकी देकर छात्रा को मिलने बुलाया। 27 मार्च की सुबह आरोपी शिवम छात्रा को डरा-धमकाकर कब्रिस्तान के पास जंगल में ले गया, जहां उसके दो अन्य साथी कावेन्द्र और रिकोश पहले से मौजूद थे। आरोप है कि वहां चाकू की नोक पर छात्रा के साथ गलत काम किया गया। लोगों की आहट सुनकर आरोपी छात्रा को एक मुर्गी फार्म के पास छोड़कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

### पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल

पीड़िता की मां का आरोप है कि मण्डावली पुलिस ने असल शिकायत के बजाय अपनी मर्जी से प्रार्थना-पत्र लिखकर महिला से जबरन हस्ताक्षर कराए और मामूली धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। मामले की जांच कर रही महिला उपनिरीक्षक पर आरोप है कि उन्होंने मेडिकल परीक्षण के दौरान डॉक्टर से झूठ बोला कि यह केवल छेड़छाड़ का मामला है, ताकि आंतरिक मेडिकल न हो सके। पीड़िता का कहना है कि पुलिस आरोपियों के साथ हमसाज है और उन्हें बचाने का प्रयास कर रही है।

### न्याय की गुहार

पीड़िता की मां, जो कि एक गरीब मजदूर है, ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच स्थानीय थाने के बजाय किसी अन्य थाने से कराई जाए। पीड़िता ने अपना उचित मेडिकल परीक्षण कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# अंबेडकर जयंती पर सपा नेता डा. रमेश तोमर ने कई कार्यक्रमों में की शिरकत

**बिजनौर (चिंगारी)।** अंबेडकर जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता डा. रमेश तोमर ने मंडावर क्षेत्र के ग्राम राजारामपुर, कोहरपुर सहित कई गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर उनका भव्य स्वागत किया गया।



कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी देखने को मिली। ग्राम राजारामपुर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता दलित समाज के 52 गांवों के अध्यक्ष घसीटा सिंह ने की, जबकि कोहरपुर में कार्यक्रम की अध्यक्षता रामगोपाल ने संभाली। कार्यक्रमों के दौरान विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें डा. रमेश तोमर ने दलित समाज के लोगों के साथ जमीन पर बैठकर भोजन किया। सभा को संबोधित करते हुए डा. तोमर ने कहा कि भाजपा डा. भीमराव अंबेडकर के बनाए संविधान को समाप्त करना चाहती है, जबकि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने लोगों से संविधान की रक्षा के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर दलित समाज के लोगों ने डा. तोमर को विश्वास दिलाया कि लोकसभा चुनाव की तरह वर्ष 2027 के चुनाव में भी वे पूरी मजबूती के साथ समाजवादी पार्टी का समर्थन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान धनीराम सिंह, मनोज कुमार, डा. सोनू, विनोद कुमार, निर्मल सिंह, किसान नेता रण सिंह, जसपाल सिंह प्रधान, चंद्रप्रकाश, शिवा, चौ. धर्मपाल सिंह सहित अन्य लोगों ने डा. रमेश तोमर का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया।

# कांग्रेस कार्यालय में शोकसभा, मोहसिना किदवई व आशा भोसले को दी श्रद्धांजलि




**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला कांग्रेस कार्यालय पर शहर कांग्रेस कमेटी बिजनौर द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय मोहसिना किदवई तथा प्रसिद्ध गायिका स्वर्गीय आशा भोंसले के निधन पर शोकसभा आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर कांग्रेसजनों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग ने कहा कि मोहसिना किदवई कांग्रेस की मजबूत नेता होने के साथ-साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भी थीं। उन्होंने 1975 की इमरजेंसी के बाद पार्टी के कठिन दौर में भी संगठन और नेतृत्व के साथ मजबूती से खड़े रहकर कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया। वर्ष 1978 में आजमगढ़ लोकसभा उपचुनाव में उनकी जीत ने कांग्रेस को नई दिशा दी, जिसका परिणाम 1980 के आम चुनावों में मजबूत सरकार के रूप में सामने आया। वहीं, प्रसिद्ध गायिका आशा भोंसले को याद करते हुए उन्होंने कहा कि उनके निधन से संगीत जगत का एक युग समाप्त हो गया। अपनी मधुर आवाज और सादगी के बल पर उन्होंने देश-विदेश में करोड़ों लोगों के दिलों में विशेष स्थान बनाया। उनका जाना भारतीय सिनेमा के लिए अपूरणीय क्षति है। इस अवसर पर जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को भी याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने कहा कि देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीरों का बलिदान सदैव देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा। शोकसभा में शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग, वरिष्ठ नेता नीरज चौधरी, पूर्व आईएएस आरके सिंह, मो. अकबर, नजाकत अल्वी, मीनू गोयल, इकबाल ठेकेदार, जाफर हसनैन गुड्डू, मो. हनीफ, सविता सिंह, मो. सलीम, अनिल त्यागी, काजी आतिफ, नादिर मलिक, हरिराज सिंह, समद आजाद, मो. रफत, कमरूननिसा, मो. इब्राहिम, फारुख खान सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# विश्व हिंदू महासंघ ने चेयरपर्सन को दिया मांग- पत्र

**बिजनौर (चिंगारी)।** विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष लव कुमार ने नगर पालिका परिषद बिजनौर की अध्यक्ष को पत्र सौंपकर शहर के एक प्रमुख व व्यस्त चौराहे का नाम 'वंदे मातरम चौक' रखने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस



नामकरण से लोगों में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा मिलेगा और राष्ट्रीय चेतना मजबूत होगी। पत्र में महासंघ की ओर से अनुरोध किया गया है कि नगर के किसी प्रमुख चौराहे को 'वंदे मातरम चौक' घोषित किया जाए, ताकि यह स्थान देश के प्रति सम्मान और गौरव का प्रतीक बन सके। संगठन का मानना है कि ऐसे नाम समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और युवाओं को राष्ट्रभक्ति के लिए प्रेरित करते हैं। जिलाध्यक्ष लव कुमार ने उम्मीद जताई कि नगर पालिका इस प्रस्ताव पर सकारात्मक विचार कर जल्द ही उचित निर्णय लेगी।

# बिजनौर में बीमार गौवंश को पहुंचाया गया गौशाला

**बिजनौर (चिंगारी)।** कल बिजनौर के सेंटमेरी चौराहे पर एक गौवंश घायल अवस्था में मिला, जिसके कान में गंभीर तकलीफ थी। मौके पर जानकारी मिलते ही नगर अध्यक्ष अपनी टीम के साथ पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए गौवंश को सुरक्षित रूप से गौशाला पहुंचवाया। इस मानवीय कार्य में टीम के अन्य सदस्यों ने भी सहयोग किया। समय रहते उपचार मिलने से गौवंश की स्थिति में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में सेवा और संवेदनशीलता का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।

## सूचना

मेरा उ.प्र. नर्सेज एवं मिडवाइब्ज मेडिकल काउंसिल, लखनऊ द्वारा जारी दिनांकित 27-11-2015 जी.ऐन.एम पंजीकरण प्रमाण-पत्र संख्या-34216 कहीं खो गया है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रमाण-पत्र मिले तो निम्निलिखित पते पर सूचना देने की कृपा करें-

**-कु. कैसर जहां पुत्री अब्दुल शकूर, निवासी मौहल्ला गुलिस्तान, जलालाबाद, तहसील नजीबाबाद, जिला-बिजनौर उप्र., मो.-8449448286**


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



आवश्यकता है धामपुर में शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल शोरूम मैनेजर व मैकेनिक की।


सम्पर्क करें- मो. 8192801901

Dhruvika Motors LLP

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# परमार्थ निकेतन पहुंचे मधुर भंडारकर

## स्वामी जी ने रुद्राक्ष का पौधा, माला, अंगवस्त्र किये भेंट



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** परमार्थ निकेतन में आये प्रसिद्ध भारतीय फिल्म निर्देशक, पटकथा लेखक एवं निर्माता मधुर भंडारकर ने गंगा तट पर आयोजित गंगा आरती में स्वामीजी के सान्निध्य में सहभाग किया। मधुर भंडारकर को रूद्राक्ष का दिव्य पौधा, रूद्राक्ष की पवित्र माला एवं अंगवस्त्र भेंट स्वरूप प्रदान करते हुए स्वामी चिदानन्द ने कहा कि बैसाखी पर्व नई ऊर्जा, नई फसल और नए संकल्पों का प्रतीक है। यह हमें परिश्रम, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और ईश्वर के प्रति समर्पण का संदेश देती है। किसान जैसे अपनी मेहनत से सुनहरी फसल उगाते हैं, वैसे ही हम भी अपने जीवन में अच्छे विचारों, संस्कारों और सेवा के बीज बोयें। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि भारतीय संस्कृति दिव्य परंपराओं का संग्रह है, जीवन जीने की एक पवित्र कला है। इसमें करुणा, सेवा, प्रेम, सहिष्णुता और प्रकृति के प्रति सम्मान जैसे उच्च मूल्य समाहित हैं। यदि इन मूल्यों को फिल्मों के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाए, तो यह युवा पीढ़ी को सही दिशा देने में अत्यंत सहायक सिद्ध हो सकता है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी पर फिल्मों का गहरा प्रभाव पड़ता है, इसलिए यह आवश्यक है कि सिनेमा के माध्यम से भारतीय संस्कृति, संस्कारों और मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया जाए। मधुर भंडारकर जी ने इस अवसर पर कहा कि परमार्थ निकेतन में आकर उन्हें अद्‌भुत शांति और ऊर्जा का अनुभव हुआ है। उन्होंने कहा कि गंगा आरती का यह दिव्य दृश्य उनके जीवन के अविस्मरणीय क्षणों में से एक है। उन्होंने कहा कि भारतीय सिनेमा आने वाले समय में संस्कृति और मूल्यों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## डीएवी स्कूल में किया कम्यूनिटी डे का आयोजन

**कोटद्वार (चिंगारी)।** नगर निगम के अंतर्गत देवी रोड स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में अटल टिंकरिंग लैब के अंतर्गत कम्युनिटी डे का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य नितिन भाटिया ने बताया कि इस अवसर पर आसपास के आंगनबाड़ी के बच्चों को विद्यालय में आमंत्रित किया गया, जहां उन्होंने विभिन्न रचनात्मक एवं तकनीकी गतिविधियों के माध्यम से नई-नई चीजें सीखीं। बच्चों ने पेपर से माउस बनाना, रोबोट से संवाद करना तथा ड्रोन का प्रदर्शन देखना आदि रोचक गतिविधियों में भाग लिया। वहीं अटल टिंकरिंग लैब के संयोजक संजय शर्मा ने बताया कि पूरे सप्ताह विद्यालय में इसी प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी और विद्यार्थियों को सीखने के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

## लायंस क्लब ने विद्या मंदिर को भेंट किया वाटर कूलर

**कोटद्वार (चिंगारी)।** नगर निगम के अंतर्गत जानकी नगर स्थित रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में लायंस क्लब डिग्निटी की ओर से छात्र-छात्राओं के लिए आरओ युक्त वाटर कूलर भेंट किया गया। कार्यक्रम संयोजक रोहित बलोदी ने बताया कि इंस्टॉलेशन कार्यक्रम में लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ विनय सिसोदिया एवं डिस्ट्रिक्ट कमेटी के सचिव विशाल मल्होत्रा ने वाटर कूलर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि क्लब द्वारा यह कार्य कर्म ही पूजा है, ध्येय के साथ किया गया है। भविष्य में भी विद्यालय की आवश्यकताओं के अनुसार क्लब मदद उपलब्ध कराएगा। अंत में प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती ने क्लब के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# सामाजिक समरसता की स्थापना में अम्बेडकर का रहा विशेष योगदान

## जीआईसी में हर्षोल्लास से मनाई अम्बेडकर जयंती

**कोटद्वार (चिंगारी)। स्थानीय राजकीय इंटर कालेज में अंबेडकर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भाषण, निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।**

समारोह में वक्ताओं ने डा. भीमराव अंबेडकर को युगपुरुष बताते हुए राष्ट्र के निर्माण में उनके योगदान को याद किया। कहा कि वे संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे, जिसने संविधान को तैयार करने में प्रभावी भूमिका अदा की। देश में सामाजिक समरसता स्थापित करने में भी उनका उल्लेखनीय योगदान रहा। कहा कि देश के लिए उनके योगदान को हमेशा याद किया जाता रहेगा। तत्पश्चात आयोजित भाषण प्रतियोगिता में शिवांगी प्रथम, वैशाली द्वितीय व अभिषेक तृतीय स्थान पर रहे। निबंध प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में राधिका, त्रिवेंद्र, रूबिया व सीनियर वर्ग में असरा, वैष्णवी व मानसी क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

वहीं पोस्टर प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में गौरव, राधिका व वैष्णवी तथा सीनियर वर्ग में तरुण कुमार, शिवांगी भाटिया एवं स्वयं गुसांई ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ. पदमेश बुडाकोटी, शिक्षक दीपक नौटियाल व सीतांशु खुगशाल सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# उदित कुमार बने नायब तहसीलदार, गांव में स्वागत हुआ जोरदार



**धामपुर (चिंगारी)।** दक्ष प्रजापति कुम्हार महासभा धामपुर द्वारा पीपीसीएस परीक्षा में 105वीं रैंक हासिल कर नायब तहसीलदार पद पर चयनित उदित कुमार प्रजापति को उनके गांव ठाटजट पहुंचकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने फूल मालाएं पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभा के संस्थापक एडवोकेट आर.के. आर्य ने कहा कि उदित की यह सफलता न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे जनपद और प्रजापति समाज के लिए गौरव की बात है। उदित कुमार प्रजापति ने अपनी सफलता का श्रेय निरंतर अभ्यास, आत्मविश्वास और स्वाध्याय को दिया। उन्होंने बताया कि उन्होंने किसी बड़े कोचिंग संस्थान का सहारा नहीं लिया, बल्कि उत्तर लेखन अभ्यास, दोस्तों के साथ चर्चा और मॉक इंटरव्यू के जरिए अपनी तैयारी को मजबूत किया।

उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सेवा में रहते हुए उनका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक प्रशासन की सीधी पहुंच सुनिश्चित करना और लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। साथ ही युवाओं को संदेश दिया कि सफलता के लिए दृढ़ निश्चय, सही दिशा और लगातार मेहनत जरूरी है। इस दौरान मास्टर तेजपाल सिंह, प्रेमवती देवी, अनिल कुमार, गजेंद्र सिंह, मीनाक्षी मेहरा, आदित्य कुमार, विभूति राणा, आयुषी राणा, बृजमोहन प्रजापति, क्षेत्रपाल सिंह प्रजापति, पंकज कुमार दक्ष, डॉ. अशोक कुमार प्रजापति, नीरज प्रजापति, राजकुमार प्रजापति सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## पूर्व सैनिकों ने मनाया आजाद हिंद फौज दिवस

**कोटद्वार (चिंगारी)।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की ओर से आजाद हिंद फौज दिवस मनाया गया। इस अवसर पर फौज के दिवंगत सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। परिषद कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि यह दिवस 14 अप्रैल 1944 को मणिपुर के मोइरांग में आजाद हिंद फौज द्वारा पहली बार भारतीय धरती पर तिरंगा फहराने की ऐतिहासिक घटना की याद में मनाया जाता है। कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व वाली आजाद हिंद फौज ने अपने पराक्रम से दुश्मनों को परास्त करने में सफलता प्राप्त की थी। कहा कि यह दिवस वर्तमान पीढ़ी को राष्ट्र के लिए सर्वोच्च योगदान देने की भावना को प्रेरित करता रहेगा। इस दौरान परिषद अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नेगी, जीके बड़थ्वाल, बलवान सिंह रावत, हरीश खुगशाल, संजय असवाल और देवेंद्र सिंह नेगी सहित परिषद से जुड़े अन्य पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

# संतों का जीवन त्याग व सेवा का प्रतीक - रसिक महाराज




**ऋषिकेश/रायवाला (चिंगारी)।** बैसाखी पर्व के शुभ अवसर पर प्रतीतनगर में आयोजित कार्यक्रम में सनातन धर्म विकास परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त स्वामी रसिक महाराज के आगमन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, अखंड रामायण, एकादशी व्रत कथा एवं सत्संग, हवन का आयोजन किया गया। संत समाज एवं आयोजकों द्वारा स्वामी जी का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। अपने प्रवचन में स्वामी रसिक महाराज ने बैसाखी पर्व के महत्व को बताते हुए कहा कि यह पर्व हमें परिश्रम, समर्पण और ईश्वर के प्रति आस्था का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि संतों का जीवन त्याग और सेवा का प्रतीक होता है, जिससे समाज को सही दिशा मिलती है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को प्रेम, भाईचारे और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम की आयोजक उत्तराखंड आंदोलनकारी श्रीमती रोशनी कुकरेती को उनकी शादी की 50वीं वर्षगांठ पर शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर साध्वी मां देवेश्वरी, राजेन्द्र देव कुकरेती, कमल कुकरेती, युवक मंगल दल प्रतीतनगर के अध्यक्ष रवि कुकरेती, आचार्य डॉ. कैलाश घिल्डियाल, आचार्य प्रदीप नौटियाल, आचार्य बंसत भदूला, आचार्य अरूण थपलियाल, श्रीमती इन्दू तिवारी, श्रीमती हेमन्ती नौटियाल, आशीष कुकरेती, सुरेश कुकसाल, श्रीमती रेखा पंत, अनिल पंत, आचार्य श्यामलाल गौड़, श्रीमती रमा देवी, श्रीमती रानी गौड़, श्रीमती रजनी चंदोला, श्रीमती सुभागा कुकरेती एवं बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# आपसी संघर्ष में एक बाघ घायल, हालत गंभीर


घायल बाघ का इलाज करती डॉक्टर दुष्यंत शर्मा की टीम।

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में बाघों के आपसी संघर्ष में एक बाघ गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर उपचार के लिए रेस्क्यू सेंटर भेजा है, जहां बाघ की हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार कॉर्बेट नेशनल पार्क के तराई पश्चिमी वन प्रभाग की बैलपड़ाव रेंज में मंगलवार देर शाम गश्त के दौरान वनकर्मियों को एक बाघ घायल अवस्था में मिला, जिसकी स्थिति गंभीर देखते हुए तत्काल उच्च अधिकारियों को सूचना दी गई। जिसके बाद कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की मेडिकल टीम मौके पर पहुंची और चिकित्साधिकारी डॉ. दुष्यंत शर्मा के नेतृत्व में टीम ने बाघ को ट्रेंक्यूलाइज कर सुरक्षित रेस्क्यू किया और ढेला स्थित रेस्क्यू सेंटर पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। बताया जाता है कि चिकित्सकीय जांच में सामने आया कि बाघ के शरीर पर कई जगह गहरे घाव हैं। खासकर अगले पैर और गर्दन के पीछे गंभीर चोटें पाई गई हैं। डॉक्टरों के अनुसार ये घाव 2-3 दिन पुराने हैं और इनमें संक्रमण भी फैल चुका है। अधिकारियों ने बताया कि घायल बाघ की उम्र लगभग 7 से 8 वर्ष के बीच है और उसकी हालत पर लगातार नजर रखी जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला बाघों के आपसी संघर्ष का प्रतीत हो रहा है। वन विभाग के अनुसार बाघ के पूर्ण स्वस्थ होने के बाद उसे उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया जाएगा। फिलहाल विशेषज्ञ टीम इलाज में जुटी है और जल्द उसके स्वस्थ होने की उम्मीद जताई जा रही है।


खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

Kajaria
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928

//23+ years of LEGACY
THE FUTURE WITH ARTIFICIAL INTELLIGENCE.
Degree Programme
B.V.Sc & A.H. | B.Tech (CSE)
BAMS | BCA
BNYS | B.Sc. (Computer Sc.)
B.Pharmacy | BBA
Post Basic BSc Nursing | BBE
B.Sc. Nursing | B. COM
B.P.T. | BA LL.B
B.M.L.S. | BBA LL.B (Hons.)
B.Optometry | B.Sc.I B.Sc. Hons (PCM/ZBC)
B.Sc. Microbiology | B.Sc. Agriculture (Hons.)
B.Sc. Biotechnology | B.Sc. Home Science
B.Sc. Food Technology
Diploma Programme
Diploma in Agriculture
Diploma in Veterinary Science
Live Stock Extension I Veterinary Pharmacy
Diploma in Pharmacy
Diploma in Engineering (Polytechnic)
Diploma in Elementary Education (BTC)
G.N.M. I A.N.M.
CONTACT US:
7055604050
7055604040
www.vivekuniversity.ac.in
VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246701